* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

09 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 21

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**खत्म हुआ साल का आखिरी चंद्र ग्रहण**
भारत के रांची समेत छह शहरों में पूर्ण चंद्र ग्रहण का असर रहा






### सीएम ने सपरिवार लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में लुगु बाबा की पूजा-अर्चना की

# लुगुबुरु के विकास पर 30 करोड़ खर्च किये जायेंगे : हेमंत सोरेन

- विरासत में मिली इस परंपरा, रीति -रिवाज को और मजबूत करने के साथ आगे ले जाने का संकल्प लें
- लुगु बाबा से राज्य की खुशहाली, उन्नति-सुख-समृद्धि की कामना की
- संतालियों के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है लुगुबुरु



**सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आप सभी इन योजनाओं से जुड़ें और लाभ लें। आप आगे बढ़ेंगे तो समाज और राज्य भी आगे बढ़ेगा। मेरा मानना है कि अगर आदिवासी समुदाय सशक्त और स्वावलंबी बन जाये तो उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए सरकार से राशन का अनाज लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लुगुबुरु, ललपनिया (बोकारो)।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ संताल आदिवासियों की आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा केंद्र है। यह उनकी धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है । इस पवित्र धार्मिक स्थल के समग्र विकास पर 30 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से यहां सौंदर्यीकरण के साथ पहाड़ तक जाने के लिए सड़क, लाइब्रेरी, शौचालय समेत अन्य सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सपरिवार लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, ललपनिया, बोकारो में लुगु बाबा की विधि- विधान से पूजा अर्चना कर राज्य की उन्नति -सुख -समृद्धि- शांति -सद्भाव और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य गांव में जनजातीय परंपराओं को बनाये रखने के लिए भवन बनाने की योजना सरकार बना रही है। यहां मानकी, मुंडा, परगनैत, मांझी शासन व्यवस्था का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के सभी पूजा स्थलों- सरना स्थलों की घेराबंदी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से दो साल तक पूरी दुनिया की सारी व्यवस्थाएं ठप हो गयी थीं। इस वजह से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लुगु बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करने हेतु श्रद्धालु नहीं आ सके थे । लेकिन, इस बार लुगु बाबा के दर्शन और आराधना के साथ अंतरराष्ट्रीय संताल सरना महासम्मेलन में देश -विदेश से लाखों की संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि उनमें लुगु बाबा के प्रति कितनी आस्था है। हम विरासत में मिली इस परंपरा, रीति -रिवाज को और मजबूत करने के साथ आगे ले जाने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कम शिक्षित होने की वजह से आदिवासी समुदाय अपने हक और अधिकार से वंचित रह जाता है। आदिवासी समाज को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समेत हर दृष्टिकोण से मजबूत होना होगा। उन्हें अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होना पड़ेगा, तभी वे आगे बढ़ सकते हैं। आदिवासी समाज सशक्त और जागरूक होगा तो उनकी आने की पीढ़ी तरक्की के नये आयाम स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलितों और अन्य वंचित वर्गों और तबकों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व विधायक जोगेंद्र प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी और लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ आयोजन समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन आदि मौजूद थे।

### राज्य में छापामारी के बाद आयकर का खुलासा

# 100 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाबी लेनदेन का पता चला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आयकर विभाग ने झारखंड में हाल में दो विधायकों, उनके सहयोगियों और कारोबारियों के ठिकाने पर हुई छापमारी का विवरण जारी किया है। आयकर विभाग के मुताबिक तलाशी और जब्ती कार्रवाई के दौरान 100 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाबी लेनदेन और निवेश की जानकारी हासिल हुई है। बता दें कि 4-5 नवंबर को आइटी ने बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह उर्फ जयमंगल सिंह और पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, आयरन ओर व्यवसायी राजकुमार शाह, कोयला व्यवसायी अजय सिंह सहित कई कारोबारियों के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर और चाईबासा पटना, गुरुग्राम, कोलकाता सहित कई अन्य स्थानों पर छापमारी की थी।

आयकर विभाग के मुताबिक तलाशी के दौरान, दो करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित नकदी जब्त की गयी। कुल 16 बैंक लॉकरों पर रोक लगायी गयी है। अब तक की तलाशी में 100 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब लेनदेन और निवेश का पता चला है। तलाशी अभियान में बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किये गये हैं। विभाग का कहना है कि इस साक्ष्य के प्रारंभिक विश्लेषण से संकेत मिलता है कि इन समूहों ने कर चोरी के विभिन्न तरीकों का सहारा लिया है। यह भी पाया गया है कि अचल संपत्तियों में निवेश किया गया है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर नगदी लेनदेन किये जाने का भी सबूत जुटाने का दावा आयकर विभाग ने किया है।

विभाग के मुताबिक आयरन ओर का बेहिसाब स्टॉक पाया गया है, जिसका मूल्यांकन अभी बाकी है।

बताया गया है कि शाह ग्रुप ने शेल कंपनियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेनदेन किया है। इस ग्रुप के अफसरों ने आइटी से पूछताछ में स्वीकार किया है कि उन्होंने दस्तावेजों का सत्यापन किये बगैर ऑडिट रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किया था।

SURJABASHA







### प्रधानमंत्री ने जी-20 के नये लोगो-थीम और वेबसाइट का किया अनावरण

# जी-20 में हमारा मंत्र-'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर': मोदी

- 1 दिसंबर से शुरू हो रहे जी-20 की अध्यक्षता करेगा भारत






आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रिश्ते रखता है, बल्कि विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है। उसकी अभिव्यक्ति करता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई भी 'फर्स्ट वर्ल्ड' या 'थर्ड वर्ल्ड' न हो, बल्कि केवल 'वन वर्ल्ड' हो। भारत ने 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रीड' के मंत्र के साथ विश्व में रिन्यूबल एनर्जी रिवाल्यूशन का आह्वान किया है। साथ ही हमने ग्लोबल हेल्थ के मंत्र के साथ मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। जी-20 में भी हमारा मंत्र है, 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर'। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जी-20 के नये लोगो-थीम और वेबसाइट का अनावरण किया।

**केवल प्रतीक चिह्न नहीं, एक संदेश है:** प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 का लोगो केवल एक प्रतीक चिह्न नहीं है, बल्कि ये एक संदेश है। ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 1 दिसंबर से भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है, इसलिए आज इस समिट की वेबसाइट, थीम और लोगो को लांच किया गया है। इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**भारत के लिए यह बड़ा अवसर :** प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85% जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75% व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है और भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है। आप कल्पना कर सकते हैं कि आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने ये कितना बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है।

**सुझाव वैश्विक आयोजन का चेहरा बन रहे:** मोदी ने कहा कि आज जो लोगो का लांच हुआ है, उसके निर्माण में भी देशवासियों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि हमने लोगो के लिए देशवासियों से उनके बहुमूल्य सुझाव मांगे थे। आज वे सुझाव इतने बड़े वैश्विक आयोजन का चेहरा बन रहे हैं। इस लोगो और थीम के जरिए हमने दुनिया को एक संदेश दिया है। युद्ध के लिए बुद्ध ने जो संदेश दिया था और हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं, जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नयी ऊर्जा दे रहा है।

**भारत करेगा अध्यक्षता:** जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत देशभर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा। भारत 1 दिसंबर, 2022 से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ ■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,600 रु./10 ग्राम
चांदी 64,500 रु./प्रति किलो



# रांची का एक गांव, जहां रहता है 25 घर मुंडा परिवार, पर नहीं है किसी के पास खतियान

**■ नहीं बन रहा आदिवासी परिवार के लोगों का जाति और आवासीय प्रमाण पत्र ■ गांव में नहीं मिलती किसी को वृद्धा और विधवा पेंशन ■ बगल का एक और गांव, जहां 70 परिवार में सिर्फ एक को सरकारी नौकरी ■ गांव के किसी बच्चे का कस्तूरबा, एकलव्य या अन्य आवासीय विद्यालय में एडमिशन नहीं ■ कस्तूरबा में एडमिशन के लिए दलाल ने ठग लिये 15-15 हजार रुपये, नहीं निकला सूची में नाम ■ आबादी लगभग 350, सिर्फ एक बच्चा संजय मुंडा है बीए पास ■ गांव में है एक प्राइमरी स्कूल, जाते हैं 30 बच्चे, खिचड़ी खाकर लौट आते हैं, शिक्षा विभाग का कोई अफसर आज तक नहीं पहुंचा गांव ■ हाइस्कूल में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है 20 किलोमीटर दूर, वह भी साइकिल से ■ बीए की पढ़ाई के लिए आना पड़ेगा बुंडू वाया तमाड़, 40 किलोमीटर दूर ■ सुबह और शाम सिर्फ एक बस चलती है, किराया लगता है एक तरफ से 40 रुपये ■ टेंपो से आये, तो चुकाना होगा एक तरफ से सौ रुपये, शाम को लौट पायेंगे कि नहीं, पता नहीं ■ विधायक बनने से पहले सिर्फ एक बार आये थे विकास सिंह मुंडा, उसके बाद दर्शन नहीं हुए ■ गांव के लोगों ने नहीं देखा है सांसद अर्जुन मुंडा का चेहरा ■ डॉ रामदयाल मुंडा जब राज्यसभा सांसद बने थे, तो सांसद फंड से बनायी थी सड़क, उसके बाद मरम्मत नहीं, हो गयी है जर्जर ■ बरसात के दिनों में अपने घरों में कैद हो जाते हैं ग्रामवासी, नहीं है कोई सुध लेनेवाला ■ शाम छह बजे के बाद गांव का कोई व्यक्ति अपने घर से बाहर नहीं निकलता ■ हाथी कब अपनी सूंड़ में लपेट लेगा, कहा नहीं जा सकता ■ हाथी के डर से गांववाले नहीं लगा रहे मकई, अरहर और आलू की फसल ■ सिर्फ धान की फसल बोते हैं, वह घर में आयेगा कि नहीं, यह हाथियों की दया पर निर्भर ■ डर से रात में नींद नहीं आती, हाथी ढाह देता है घर, महंगी-महंगी गाड़ियों में आते हैं वन विभाग के अफसर, मुआवजा मिलता है सिर्फ 1800 रुपये ■ बिजली के खंभे तो हैं, लेकिन वह आयेगी कब, पता नहीं, हर समय अंधेरा का बसेरा ■ नहीं है कोई स्वास्थ्य केंद्र, इलाज के लिए जाना पड़ता है ओझा-गुनी के पास ■ झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं गांववालों का शोषण, चाकू-छुरी से करते हैं ऑपरेशन ■ आज तक गांव में सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के दर्शन तक नहीं हुए ■ गांव की महिलाएं करवाती हैं प्रसव, तड़प-तड़प कर बच्चा जनना महिलाओं की बन गयी है नियति ■ गांव के लोगों को नहीं पता, सरकार उनके कल्याण के लिए क्या-क्या योजनाएं चला रही है ■ परिवार में पांच से छह सदस्य, लेकिन सरकारी राशन मिलता है सिर्फ एक सदस्य को।**

## आजाद सिपाही गांव-देहात से

हरिनारायण सिंह









**यह किसी फिल्म की पटकथा नहीं। यह कहानी है रांची जिला के तमाड़ प्रखंड के गांव गोमिया कोचा और कुरुचुडीह की, जहां के लोगों की जिंदगी अभिशाप बन कर रह गयी है। यह गांव तमाड़ प्रखंड का अंतिम गांव है। पहाड़ की तलहटी से सटा हुआ। उसके बाद ईचागढ़ की सीमा शुरू होती है।**

### कहानी गोमिया कोचा की

सोमवार की दोपहर यह संवाददाता तमाड़ से 22 किलोमीटर दूर पहाड़ की तलहटी के पास बसे गोमिया कोचा गांव में था, जो झारखंड में सरकार की तरफ से किये जा रहे विकास कार्यों से पूरी तरह अनभिज्ञ है। गांव के लगभग ढाई सौ लोग ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा के बुलावे पर इमली के पेड़ के पास जमा हुए थे। बूढ़े-बुजुर्ग, नौजवान और छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियां जमीन पर बैठे हैं। वे आजाद सिपाही की टीम को टुकुर-टुकुर निहार रहे हैं। वे इस विश्वास के साथ आये थे कि कोई आया है, शायद उनकी समस्याओं को जानने। उपस्थित हर गांववासी समस्याओं के मकड़जाल में उलझा हुआ। बातचीत की शुरुआत करने से पहले ग्राम प्रधान का यह आग्रह कि परंपरा के अनुसार आप लोगों को अपना पांव पखरवाना पड़ेगा। यहां ना की कोई गुंजाइश ही नहीं बची थी, क्योंकि परंपरा के अनुसार ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा ने हमें अपना आदेश पहले ही सुना दिया था। दो बहनें फूल की थाली और लोटा लिये आती हैं और पांव पखारती हैं। फिर तौलिया से पांव पोंछती हैं। उसके बाद हाथ जोड़ कर प्रणाम करती हैं। उनकी मेहमाननवाजी देख कर मन द्रवित हो जाता है।

ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा अपनी भाषा में गांववालों को बताते हैं कि ये अखबारवाले हैं। आपकी समस्या जानने के लिए यहां आये हैं। एक-एक कर आप लोग अपनी बात रखिये। सबसे पहले एक 80 साल की बुजुर्ग माता खड़ा होने की कोशिश करती हैं। हम उन्हें बैठे रहने को ही कहते हैं, लेकिन वह नहीं मानतीं। जिद कर जाती हैं। डंडे के सहारे वह उठने की कोशिश करती हैं। एक व्यक्ति उन्हें सहारा देता है, तब वह किसी तरह खड़ा हो पाती हैं। बोलते समय उनकी जबान लड़खड़ा रही है। वह टूटे-फूटे शब्दों में किसी तरह कह पाती हैं कि उन्हें पेंशन नहीं मिलती। बीमार हैं। इलाज नहीं करा पा रहीं, क्योंकि उनके पास पैसे नहीं हैं। उनके शरीर पर झिझरी साड़ी उनकी आर्थिक विपन्नता की कहानी कह रही है। आंखों में आंसू हमें अंदर तक झकझोर देते हैं। इसके बाद शुरू हुई गोमिया कोचा के ग्रामीणों की अवाक कर देनेवाली दास्तां। इस गांव में 30 परिवार हैं। 25 परिवार मुंडा जाति के और पांच परिवार महतो जाति के। इस गांव के किसी परिवार के पास खतियान नहीं है। खतियान नहीं होने के कारण इनके समक्ष समस्याओं का अंबार खड़ा हो गया है। अगर यह कहें कि यहां समस्याओं ने अपना स्थायी बसेरा बना लिया है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। गांववालों का जाति और आवासीय प्रमाणपत्र नहीं बन रहा है। वे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। सच कहा जाये, तो झारखंड गठन के 22 साल बाद भी उन्हें यह तक नहीं पता कि राज्य सरकार उनके हित के लिए क्या-क्या योजनाएं चला रही है। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान योजना, कुपोषण से मुक्ति के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं के नाम तक वह नहीं जानते। उन्हें यह भी पता नहीं कि उनके बच्चों का एडमिशन कस्बूरबा गांधी, एकलव्य या सरकारी आवासीय स्कूलों में कैसे होगा। बीए की पढ़ाई करने के लिए उन्हें 40 किलोमीटर दूर बुंडू वाया तमाड़ जाकर क्या-क्या औपचारिकताएं निभानी पड़ेंगी। हालांकि सबके पास आधार कार्ड है, लेकिन उन्हें लाल, पीला और हरा कार्ड में अंतर नहीं मालूम। राशन कार्ड में नाम की गलती कैसे ठीक होगी, वे यह भी नहीं जानते, लिहाजा डीलर कार्ड में नुख्स निकाल कर उन्हें राशन से वंचित कर देता है। जिनके कार्ड दुरुस्त हैं, उन्हें राशन लेने के लिए दस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जाहिर है, पैसे के अभाव में वे पैदल जाते हैं। दिन बीत जाता है आते-जाते। हांफते-हांफते शाम ढलने पर वे राशन लेकर लौटते हैं। परिवार में चार से पांच सदस्य हैं। राशन मिलता है एक सदस्य को। वह भी वजन में आधा-अधूरा।

### 70 साल से रहते हैं

गोमिया कोचा में यह परिवार लगभग 70 साल से रह रहा है। ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा के पिता युगल सिंह मुंडा और चाचा सनातन सिंह मुंडा ने तमाड़, बुंडू और आसपास के लोगों को बुला कर यहां बसाया था। सबसे पहले गोमिया मुंडा यहां आये थे। उन्हीं के नाम पर इस गांव का नाम पड़ा गोमिया कोचा। उसके बाद कड़िया मुंडा, बासु मुंडा, डोलगा मुंडा, हिंदू मुंडा, सोमा मुंडा, जादे मुंडा, युगल महतो, मलीन महतो, चंदा मुंडा, बेरगा मुंडा, सुकरा मुंडा, दुबराज मुंडा, लर मुंडा, जबरा मुंडा, महादेव मुंडा, लखीनदास मुंडा, लूसा मुंडा, कुंजाल मुंडा सहित कुल 30 परिवार यहां बस गये। अपना आशियाना भी बना लिया। पहाड़ की तलहटी और प्रकृति की गोद में वे अपना गुजर-बसर भी करने लगे। खुंटकटी क्षेत्र होने के कारण युगल सिंह मुंडा ने उन्हें सादा पट्टा देकर बसाया था। मुंडा रसीद उन्हें दी गयी। आज भी उन्हें वही रसीद मिलती है। यही प्रमाण है उनके निवासी होने का। लेकिन इस प्रमाण का सरकारी अधिकारियों की नजर में कोई मोल नहीं, लिहाजा आज भी वे सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। हां दो-चार लोगों को कुरुचुडीह में पीएम आवास का लाभ जरूर मिला है। इस गांव की शायद ही कोई बच्ची हाइस्कूल का मुंह देख पायी हो। ढूंढ़ने से भी नहीं मिली। इंटर में पढ़नेवाला भी कोई नहीं मिला। यहां के युवा सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन जाति और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वह देश सेवा नहीं कर पा रहे हैं। पुलिस में भी भर्ती होना चाहते हैं ये लोग, लेकिन बगैर प्रमाण पत्र के यह कैसे संभव होगा। गांववालों को यह भी पता नहीं कि खतियान नहीं होने के बाद भी ग्राम प्रधान के लिखने पर उनका जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बन सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खतियानविहीन लोगों के लिए यह आदेश दिया है कि जिनके पास खतियान नहीं है, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं। मुखिया, ग्राम प्रधान की अनुशंसा पर उनका जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बन जायेगा। लेकिन इस आदेश का प्रसार नहीं होने के कारण ग्रामीण इस लाभ से पूरी तरह वंचित हैं। आपको यह जान कर ताज्जुब होगा कि किसी तरह माड़-भात खाकर वे अपना जीवन बसर कर रहे हैं। गांव के कुछ लोग अपने खेतों में ओल, अरुई और कुछ हरी सब्जी की खेती करते हैं। यही आसरा है उनके जीने का। अरहर की दाल कब खाये, इन्हें याद नहीं। कारण हाथियों के डर से इन्होंने मकई, अरहर और आलू की फसल लगाना छोड़ दिया है। माड़-भात से उन्हें कितना पौष्टिक मिल पाता होगा, यह उनकी दुबली-पतली काया देख कर समझा जा सकता है। अपने तन को ढकने के लिए उनके पास साबूत कपड़े तक नहीं हैं। पैर हैं, लेकिन उसमें ताकत नहीं। डंडे के सहारे वे किसी तरह चल रहे हैं। हाथ हैं, लेकिन मुश्किल से ऊपर उठ पाते हैं। आंखों की रोशनी जवाब दे गयी है। कंठ से आवाज निकलते वक्त भहरा जाती है। इनमें से कइयों ने तो आज तक शहर का मुंह तक नहीं देखा है। बस की सवारी नहीं की है। कुछ ने जमीन बेच कर मोटरसाइकिल तो ले ली, लेकिन पेट्रोल के अभाव में वे सवारी नहीं कर पाते। लिहाजा, डगमगाते पैरों से जरूरत की चीजों को लेने के लिए वे जैसे-तैसे 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय कर जाते हैं और आते हैं। लौटने पर उनकीं सांसें फूलने लगती हैं। कई बार वे पगडंडी पर ढिमला भी जाते हैं। हाथ-पैर टूट जाते हैं। दवा-दारू के नाम पर वे इमली के पत्तों को उबाल कर हाथ पैर सेकते हैं। पत्ते को कपड़े के सहारे बांध कर अपना दर्द कम करने का उपक्रम करते हैं। झोलाछाप डॉक्टर के पास जाने के लिए भी उनके पास पैसे नहीं। कभी-कभी ओझा-गुनी आकर झाड़-फूंक करते हैं। वह भी मुर्गा और दारू लेने के बाद।

इनकी जीवन की सच्चाई यहीं खत्म नहीं होती। कुरुचुडीह से इस गांव की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। कुरुचुडीह तक टूटी-फूटी सड़क है। इसे डॉ रामदयाल मुंडा ने सांसद फंड से बनवायी थी, जब वह राज्यसभा के सांसद बने थे। आज वह भी पूरी तरह टूट-फूट गयी है। गांव के प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा कहते हैं, डॉ रामदयाल मुंडा की पहल पर गांव में उस समय आइएएस अधिकारी केके सोन और एसके चौधरी आये थे। उन्होंने ही पहल कर सड़क बनवायी। कुरुचुडीह से गोमिया कोचा जाने के लिए पगडंडी ही एकमात्र सहारा है। बीच में एक बड़ा तालाब है। गार्डवाल नहीं होने के कारण बरसात में उसका पानी उफान लेने लगता है। लिहाजा पगडंडी भी कीचड़ से सन जाती है और उसमें एक फुट नीचे तक पैर दबने लगता है। लिहाजा, बरसात के दिनों में गोमिया कोचा टापू बन जाता है और वहां के लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। वे चाह कर भी बाहर नहीं निकल पाते और न बाहर के लोग उनका दुख-दर्द बांटने जा पाते हैं। यदुगोपाल सिंह मुंडा कहते हैंः अगर तालाब के चारों तरफ गार्डवाल बन जाये, तो गोमिया कोचा के लोगों को नारकीय जिंदगी से मुक्ति मिल जायेगी। गांववाले श्रमदान करने को भी तैयार हैं। लेकिन विडंबना यह है कि यहां कोई अधिकारी आता ही नहीं। बहुत पहले बीडीओ साहब वहां गये थे पीएम आवास का मुआयना करने। उनके अतिरिक्त और किसी अधिकारी के दर्शन आज तक नहीं हुए।

### नेता के दर्शन नहीं

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के एक गांव की सच्चाई यह है कि वहां के लोगों ने आज तक कड़िया मुंडा को भी नहीं देखा है, जो कई बार उस क्षेत्र के सांसद थे। लोगों ने उन्हें वोट भी दिया था। उसके बाद उस क्षेत्र का नेतृत्व सांसद के रूप में अर्जुन मुंडा के हाथों आया। यदुगोपाल सिंह मुंडा कहते हैं कि आज तक गांव के लोगों ने अर्जुन मुंडा का चेहरा नहीं देखा है। हां, यहां विकास सिंह मुंडा एक बार आये जरूर थे, उस समय वह विधायक नहीं थे। उसके बाद आज तक यहां के लोग उनके दर्शन को तरस गये हैं। अधिकारियों की तो छोड़िये, गांव में सहिया और आंगनबाड़ी सहायिका तक नहीं जातीं।

### कहानी कुरुचुडीह की

बात कुरुचुडीह की। आबादी लगभग 350 के आसपास। गांव के प्रधान हैं यदुगोपाल सिंह मुंडा। मुख्य पेशाः धान की खेती। यहां तक जाने के लिए पक्की सड़क के नाम पर एक टूटी-फूटी सड़क है। 2015 के आसपास वह बनी थी। डॉ रामदयाल मुंडा ने उसे बनवाया था। उसके बाद एक बार भी उसकी मरम्मत नहीं हुई, लिहाजा वह पगडंडी का स्वरूप ले चुकी है। तमाड़ से कुरुचुडीह की दूरी है तो मात्र 22 किलोमीटर, लेकिन हिचकोले खाते हुए यहां डेढ़ घंटे लग ही जाते हैं पहुंचने में। जहां तक सरकारी योजनाओं के लाभ की बात है, तो इसकी भी वही कहानी है, जो गोमिया कोचा की है। हां, विकास के नाम पर यहां दो-चार पीएम आवास जरूर बनाये गये हैं। बिजली के खंभे और तार भी झूलते नजर आयेंगे, लेकिन बिजली के दर्शन कब होंगे, कहा नहीं जा सकता। इस गांव में एक उत्क्रमित विद्यालय है, जहां बीस बच्चे टाट लेकर पढ़ने जाते हैं। पढ़ाई क्या होती है, यह तो बच्चों को भी नहीं पता, हां, उन्हें खिचड़ी जरूर मिलती है। कभी भात भी, पीले रंग की दालनुमा पानी के साथ। रजिस्टर में तीन मास्टर साहब हैं, लेकिन एक साथ तीनों के दर्शन कम ही होते हैं। हां, रजिस्टर में हाजिरी जरूर होती होगी। यहां के बच्चे चाह कर भी हाइस्कूल में नामांकन नहीं करा पाते, कारण पढ़ने के लिए उन्हें लगभग 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। पैदल वे कैसे जायेंगे, जबकि टेंपो में जाने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं और पैसे के अभाव में उनके पास साइकिल भी नहीं है। इसका खामियाजा यह है कि यहां का सिर्फ एक बच्चा संजय मुंडा बीए पास है। उसने भी शहर जाकर पढ़ाई की। नौकरी के नाम पर 350 लोगों में से सिर्फ एक व्यक्ति सरकारी शिक्षक हैं। उनका नाम है मंगल मुंडा। बाकी लोग मौसम के भरोसे धान की खेती करते हैं। धान तो घर में आता है, लेकिन कभी-कभी हाथी उसे भी चट कर जाते हैं।

गोमिया कोचा की तरह कुरुचुडीह के ग्रामीण भी हाथी के डर से आलू, मकई और अरहर की खेती नहीं करते। आज भी गांव के लोगों को रातजगा कर पहरा देना पड़ता है हाथी भगाने के लिए। हाथी आने की सूचना पर गांववाले एकत्र हो जाते हैं। लकड़ी जला कर वे हाथी को डराने की कोशिश करते हैं। आलू बम भी रखा है गांववालों ने, हाथी को भगाने के लिए। फिर भी कभी-कभी हाथी आ ही जाते हैं और गरीबों के आशियाने ढाह देते हैं। उसके बाद आंसू पोंछने के लिए वन विभाग के अधिकारी आते हैं। महंगी-महंगी गाड़ियों में बैठ कर। दो-चार बार आने-जाने में वे पेट्रोल-डीजल में दो-तीन हजार रुपये खर्च कर देते हैं, लेकिन पीड़ित को मिलता है सिर्फ 1800 रुपये। इतने में कैसे आशियाना खड़ा होगा, यह वन विभाग के अधिकारी ही समझें।

### किसी भी बच्चे का एडमिशन कस्तूरबा विद्यालय में नहीं

केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों के बच्चों की पढ़ाई के लिए कस्तूरबा गांधी, एकलव्य और अन्य आवासीय विद्यालय खोल रखे हैं। गांववालों को उम्मीद थी कि उनके बच्चे भी वहां फ्री में पढ़ेंगे और साहब अफसर बनेंगे। लेकिन आज तक यहां के किसी बच्चे का इन स्कूलों में एडमिशन नहीं हुआ। कुछ के परिवारवालों ने कुछ पैसे जुटा कर फार्म भरवाया। दलाल भी गांव में आया। कुछ लोगों से उसने एडमिशन कराने के नाम पर 15-15 हजार रुपये भी लिये, लेकिन किसी बच्चे का नाम लिस्ट में नहीं आया। लिहाजा, कस्तूरबा गांधी स्कूल में पढ़ने का इनका सपना आज भी धरा का धरा रह गया है। उन्हें यह भी नहीं पता कि वे अपनी फरियाद किसके पास लेकर जायें। यहां कोई नेता भी तो नहीं आता। गांववाले शहर जाकर नेताओं तक अपनी फरियाद इसलिए नहीं सुना पाते कि उनके पास बस के पैसे नहीं हैं। पैसे तो इलाज कराने के लिए भी नहीं हैं उनके पास। बीमार होने पर वे भगवान और ओझा-गुनी के आसरे जिंदगी काट देते हैं।

तीन दर्जन ग्रामीणों को नहीं मिलती वृद्धा और विधवा पेंशन

कुरुचुडीह और गोमिया कोचा में लगभग तीन दर्जन बुजुर्ग हैं, जिनकी उम्र साठ साल से ऊपर और 80 साल के आसपास है। लगभग एक दर्जन के आसपास विधवाएं हैं। इनमें से किसी को भी पेंशन का लाभ नहीं मिलता। इन्हें यह भी नहीं पता कि पेंशन का कार्ड कैसे बनेगा। पैसे के अभाव में वे शहर जाते नहीं और अधिकारी चल कर उनके पास आते नहीं। लिहाजा, आधार कार्ड लेकर हर दिन बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं अधिकारियों के आने के आसरे में दिन काट देते हैं।

### पेंशन जोह रहे हैं गरीब

जब आजाद सिपाही की टीम कुरुचुडीह में लोगों से मुखातिब हुई, तो वहां आधार कार्ड लेकर आनेवालों की लाइन लग गयी। वृद्धा पेंशन पाने की आस में देवनारायण मुंडा-जन्म 1056, जानकी देवी-जन्म 1954, देवी सिंह मुंडा-जन्म 1948, विधवा गिरिबाला देवी, पति स्वर्गीय बीरबल महतो, -उम्र 70 वर्ष, गुणधर महतो-जन्म 1960, नुनी बाला देवी-जन्म 1958, घनश्याम मुंडा-जन्म 1956, हाराधन मुंडा-जन्म 1958, दिव्यांग सरनाबाला देवी-जन्म 1963, विधवा रुमचू देवी, पति स्व सुखराम मुंडा-उम्र 70 साल, श्यामलाल मुंडा-जन्म 1948, विधवा धनेश्वरी देवी, पति स्व हलधर महतो-उम्र 60 साल, जयमनी देवी-उम्र 60 साल से अधिक, सोमा मुंडा-जन्म 1957, चामिनी देवी-जन्म 1961, बिमली देवी-जन्म 1960, विधवा दुर्गा देवी-जन्म 1975, मिथला देवी-जन्म 1953, विधवा सोमवारी देवी-जन्म 1988, शिरोमणि देवी-उम्र 70 साल, सखी देवी-उम्र 70 साल, उर्मिला देवी-उम्र 65 साल, विधवा लादीमनी देवी, पति स्व साधुचरण मुंडा-जन्म 1969, सावित्री कुमारी-जन्म 1957, टुसुमनी देवी जन्म 1961, डोमनी देवी-उम्र 62 साल, कुइली देवी-उम्र 61 साल, रूपम देवी-जन्म 1948, गंजी देवी-जन्म 1953, शिरोमणि कुमारी-जन्म 1962, सोनाराम-जन्म 1952। ये तो चंद नाम हैं, जो ग्राम सभा में आये थे। ऐसे कई और जरूरतमंत हैं, जिन्हें विधवा या वृद्धा पेंशन नहीं मिलती।

### पथरा गयीं आंखें

हर दिन ये अधिकारियों की बाट जोह रहे हैं। आंखें पथरा गयीं, लेकिन अफसर नहीं आये। कुरुचुडीह के ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुंडा कहते हैं, सर हमारे पास भी पैसे नहीं हैं कि इन्हें लेकर हम तमाड़ जायें और पेंशन पानेवालों की सूची में इनका नाम जुड़वायें। कहने के बावजूद बीडीओ यहां नहीं आते। सरकारी अधिकारियों की पहल नहीं होने के कारण ये लोग सरकारी सुविधाओं के लाभ से वंचित हैं। यहां एक बात का उल्लेख करना चाहूंगा कि आजाद सिपाही के तमाड़ संवाददाता स्वरूप भट्टाचार्य के प्रयास से आधा दर्जन लोगों का राशन कार्ड बन गया है और वह लगातार प्रयास कर रहे हैं कि इन लोगों को सरकारी सुविधाएं मिलें।

**चलते-चलतेः** इमली पेड़ के पास गांववालों ने खिचड़ी की व्यवस्था की थी। हर घर से एक किलो चावल और बाजार से दस किलो दाल की व्यवस्था की गयी थी। खिचड़ी खाकर जाने का आग्रह हम अस्वीकार नहीं कर पाये। हमने आग्रह को तो स्वीकार लिया, लेकिन एक-एक कौर बहुत मुश्किल से कंठ से नीचे जा पाया। सोचता रहा, पता नहीं इनके हिस्से सुख के दिन कब जायेंगे। इनके दिन कब बहुरेंगे। इन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ कब मिलेगा। काश, सरकार की नजर एक बार इन गांववालों पर पड़ती, तो शायद इनका भला हो जाता। फिर भी उम्मीद हमें है। भगवान ने इन्हें जन्म दिया है, तो निवाला भी देगा। सरकारी योजनाओं का लाभ इन्हें आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा। सरकारी अधिकारी अपने चैंबरों से निकल कर इनका हालचाल लेने जरूर आयेंगे। अभी बस इतना ही, क्योंकि इनकी हालत देख कर मन भर आया है।

**(साथ में तमाड़ से स्वरूप भट्टाचार्य)**


झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND
मसलिया- रानीश्वर
मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना
हेमन्त सरकार दे रही
दुमका जिला को ऐतिहासिक सौगात
₹1313.25
करोड़
की लागत से होगा
सिंचाई परियोजना
का निर्माण
शिलान्यास समारोह
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य,
पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग
श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन,
प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
श्री शिबू सोरेन
माननीय सांसद (राज्यसभा)
श्री सुनील सोरेन
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा
श्री नलिन सोरेन
माननीय विधायक,
शिकारीपाड़ा विधानसभा
श्री बसंत सोरेन
माननीय विधायक,
दुमका विधानसभा
श्रीमती जोयेस बेसरा
अध्यक्ष, जिला परिषद, दुमका
दिनांक - 9 नवंबर, 2022 (बुधवार)
स्थान - ग्राम-मुरगुनी, प्रखण्ड-रानीश्वर
मुख्य बातें -
22,283 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित
1 लाख से अधिक आबादी होगी लाभान्वित
मसलिया के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 गांवों को मिलेगा लाभ
P.R. 281707 (IPRD) 22-23
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.3 °c | 15.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.58 बजे |



### आइपीएचसी की 100वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# झारखंड के लोग सीधे हैं, कार्यपालिका के मकड़जाल को नहीं समझ पाते: हेमंत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को इंटरनेशनल पेंटेकोस्टल होलीनेस चर्च की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि समाज के विकास में मिशन संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों में जो शैक्षणिक और बौद्धिक विकास हुआ है, इसमें कहीं न कहीं मिशन संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दौरान सीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले गरीब जरूरतमंद परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें।

#### संस्था आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कर रही कार्य

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इंटरनेशनल पेंटेकोस्टल होलीनेस चर्च विगत 100 साल से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, जरूरतमंद, पिछड़े कमजोर तथा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। आज मैं इस मंच के माध्यम से आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की कमी है। वैसे क्षेत्रों में मिशन संस्थाओं ने सकारात्मक कार्य कर मील का पत्थर स्थापित करने का काम कर दिखाया है।

**बोले सीएम, मिल जुल कर झारखंड को बनायेंगे विकसित राज्य**

#### मिलजुल कर झारखंड को विकसित राज्य बनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा प्रयास रहा है कि हम सभी लोग मिलजुल कर इस राज्य को विकसित राज्य बनाने की ओर आगे बढ़ायेंगे। झारखंड के लोग सरल स्वभाव के होते हैं। कभी-कभी इनके इस स्वभाव का दुरुपयोग भी किया जाता है। यहां के लोग सरल तथा सीधे स्वभाव के होने के कारण कार्यपालिका के मकड़जाल को नहीं समझ पाते हैं और सरकार की भावी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, हमें उनके साथ खड़े रहने की आवश्यकता है। देश की 42 प्रतिशत खनिज संपदा झारखंड में निकलता है। झारखंड की संपदा देश में रोशनी तथा देश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बना हुआ है।

#### कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश में उदाहरण पेश किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के महज कुछ दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण चुनौती बन कर सामने आ खड़ी हुई। राज्य सरकार ने पूरी तत्परता के साथ झारखंड के मजदूर, किसान, जरूरतमंदों सहित सभी वर्गों के लोगों को राहत पहुंचायी। मजदूरों को अपने घरों पर ही रोजगार उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की परंपरा, संस्कृति और प्राकृतिक व्यवस्थाओं के मद्देनजर कार्य योजना तैयार की।

#### सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की अपील

मुख्यमंत्री ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले चिह्नित गरीब जरूरतमंद परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए हम सभी को मिल कर कार्य करने की जरूरत है। आप सभी लोग सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को एक-एक जरूरतमंद तक पहुंचाने का काम करें, ताकि लोगों में सरकार के प्रति विश्वास जगे।

### गुरुनानक स्कूल में सजे विशेष दीवान में सीएम हेमंत सोरेन ने टेका मत्था



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुनानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व पर सिख समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। गुरुनानक स्कूल में आयोजित प्रकाश पर्व के मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार सिख समुदाय के साथ खड़ी है। उन्होंने सिख समाज के योगदान और कुर्बानियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि कोरोना काल में सिख समुदाय ने जिस तरह गुरु नानक स्कूल परिसर को रिलीफ वर्क के लिए सौंप दिया था, यह बहुत उल्लेखनीय है। गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर गुरुनानक स्कूल में विशेष दीवान सजा। मुख्यमंत्री ने यहां मत्था भी टेका। बड़ी संख्या में सिख समुदाय के धर्मावलंबी भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मौजूद रहे। सीएम ने बाद में कडरू वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को कडरू नाले की साफ सफाई के निर्देश दिये।

# भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारी और जमीन लुटेरे नहीं बख्शे जायेंगे : बाबूलाल



**भाजपा के कार्यकर्ता डरनेवाले नहीं है और पार्टी का यह चरणबद्ध आंदोलन चलता रहेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा की सरकार बनते ही राज्य के दलाल, भ्रष्टाचारी और जमीन लुटेरे नहीं बख्शे जायेंगे। ये बातें भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए कहीं। श्री मरांडी ने कहा कि आज राज्य में सरकार के संरक्षण में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों की लूट मची हुई है।

राज्य का बालू, कोयला, पत्थर अवैध खनन करके बाहर के राज्यों में भेजा जा रहा है। यहां के स्थानीय गरीब निवासियों को प्रधानमंत्री आवास बनाने तक के लिए भी बालू नसीब नहीं हो रहा है। अगर वे ट्रैक्टर से बालू लाते भी हैं तो पुलिस उन्हें पकड़ रही है। अब हमें बालू के लिए पैसा लेकर थाना जाना होगा और बालू की खरीदारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि अब तो यह भी देखने और सुनने को मिल रहा है कि खातियानी जमीन को भी ये दलाल और विचौलिये लूट रहे हैं और सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से अपने नाम पर गलत तरीके से दाखिल खारिज करवा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही ये लुटेरे, जमीन दलाल के साथ-साथ पुलिस वालों को भी अंजाम भुगतना पड़ेगा।

### भाजपा के आंदोलन से भयभीत है राज्य सरकार

मरांडी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा जो आंदोलन चला रही है, उससे वर्तमान सरकार पूरी तरह से भयभीत और डरी हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य नेता बौखलाहट में अनाप-शनाप बक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के आंदोलन की शुरूआत होने से ही सरकार इतनी बौखला गयी है कि सरकार में बैठे लोग भाजपा के कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर पीटने और टांग तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि कार्यक्रम ब्लॉक या थाना के समीप ही करो, ताकि इन लोगों को कार्यकर्ताओं की फोटो लेने और पहचान करने में परेशानी न हो। कहा कि सरकार जो कर सकती है वह करे भाजपाई डरनेवाले नहीं हैं। पार्टी का यह चरणबद्ध आंदोलन चलता रहेगा, जब तक भ्रष्टाचारियों को जेल नहीं भेजा देता है और हेमंत सोरेन को हटा नहीं देते हैं।

#### झामुमो पैसे खत्म होने पर आर्थिक नाकाबंदी करती थी

श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो कहती है कि हमने लड़कर झारखंड अलग राज्य बनाया है।। लेकिन सच यह है कि ये लोग पैसे की कमी होने पर आर्थिक नाकाबंदी करते थे और पैसे की उगाही करते थे। झामुमो हमेशा पैसे की खातिर कांग्रेस की गोद में खेलती और खाती रही। लेकिन कभी कांग्रेस ने अलग राज्य का निर्माण नहीं किया।

जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी, मैं दुमका से सांसद था। उस समय भाजपा ने राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस जनसंघ से लेकर भाजपा को समाप्त करने की हर कोशिश करती रही, लेकिन भाजपा आज मजबूती के साथ खड़ी है और कांग्रेस समाप्त हो गयी। परिवार की पार्टी को जैसे जैसे लोग समझते गये, वैसे वैसे पार्टी को लोग छोड़ते गये।

#### केंद्र सरकार की योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही हैं

श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर विकास के कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं राज्य को मिलती हैं, राज्य सरकार उनमें लापरवाही बरतती है। आज तीन साल हो गये हैं मोदी सरकार की ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना हर घर नल से जल की, पर झारखंड सरकार की लापरवाही और लेट लतीफी के कारण उसकी शुरूआत ही नहीं हो पायी है।

श्री मरांडी ने आक्रोश प्रदर्शन में शामिल जनता से आह्वान करते हुए कहा कि झामुमो के रहते झारखंड का विकास और कल्याण कभी नहीं होगा अतः आप सबसे आह्वान और निवेदन करता हूं कि यहां से आप सब संकल्प लेकर जायें कि अब इस भ्रष्ट, दलालो और विचौलियों की भरमार वाली सरकार को चलानेवाले को हर हाल में हटाना है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में परिश्रम-प्रयत्न से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| वृष | रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| मिथुन | महत्वकांक्षा पूरी होगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का अवसर मिलेगा। |
| कर्क | प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। |
| सिंह | राजनीतिक लाभ मिलेगा, सरकारी नौकरी करनेवालों का स्वाभिमान बढ़ेगा। |
| कन्या | रुका हुआ काम बनेगा, नौकरी में परेशानी से छुटकारा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| तुला | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति, रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा। |
| वृश्चिक | नौकरी में पदोन्नति होने का संयोग बनेगा, लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा। |
| धनु | संकल्पित कार्य पूरा होगा, सेहत अच्छी रहेगी, गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा। |
| मकर | संतान पक्ष से हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। |
| कुंभ | विपरीत परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ। |
| मीन | वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त, नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य से सभी कार्य पूरे होंगे। |

# 50 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर इस सप्ताह निकलेगा विज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जल्द 50 हजार शिक्षकों की बहाली होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 18 अक्तूबर को चतरा में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 50 हजार शिक्षकों की जल्द बहाली होगी। इसको लेकर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की तरफ से नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस सप्ताह में झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से शिक्षक नियुक्ति को लेकर विज्ञापन निकाल दिया जायेगा। विभागीय सचिव के रवि कुमार ने बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सभी जिलों से शिक्षकों से संबंधित अधियाचना मंगा ली गयी है। इतना ही नहीं जिलों में नियुक्ति को लेकर रोस्टर को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नियुक्ति में टेट परीक्षा उत्तीर्ण, योग्य पारा शिक्षकों को भी प्राथमिकता दी जायेगी। झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना सरकार की प्राथमिकता है। प्राइवेट स्कूल की तरह ही राज्य में मॉडल स्कूल भी खोलने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। विभागीय मंत्री जगरनाथ महतो ने भी कई प्लैटफार्म पर शिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की है।

**झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग निकालेगा विज्ञापन**

### 60 कट्ठा जमीन की डील बन सकती है मुश्किल का सबब

# विष्णु अग्रवाल और पुनीत भार्गव के खिलाफ एफआइआर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रीयल इस्टेट कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। एक तरफ सेना के कब्जे वाली भूमि की खरीद बिक्री के मामले में इडी ने उन्हें समन कर पूछताछ के लिए बुलाया है, तो दूसरी तरफ रांची के सदर थाने में उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज हो गयी है। यह प्राथमिकी रांची सिविल कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज की गयी है। इसमें पावर ब्रोकर के रूप में मशहूर प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव समेत छह लोगों को आरोपी बनाया गया है। सदर थाने में उमेश गोप द्वारा रांची एसीजेएम की कोर्ट में दाखिल कम्प्लेन केस में आये आदेश पर आइपीसी की धारा 406, 420, 467, 468, 447, 504 , 506, 341 और 323 के साथ 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह मामला भी जमीन की खरीद बिक्री से ही जुड़ा हुआ है। कोर्ट के आदेश के बाद विष्णु अग्रवाल, पुनीत भार्गव, भरत प्रसाद, राजेश राय, लखन सिंह और इम्तियाज अहमद के ऊपर एफआइआर हुई है।

उल्लेखनीय है कि रांची के चेशायर होम रोड स्थित एक कीमती भूखंड की डील प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने विष्णु अग्रवाल के साथ की है। इसका कुल रकबा 60 कठ्ठा है। डील के बाद इस जमीन के तीन दावेदार सामने आ चुके हैं। पहले दावेदार हैं उमेश गोप, जो खुद को इस भूमि का असली मालिक बता रहे हैं। यहां तक कि खतियान में भी उमेश गोप के पूर्वजों का ही नाम दर्ज है। दूसरे दावेदार हैं लखन सिंह, जिनके पिता हैं काली राम सिंह। इनके नाम से हुई रजिस्ट्री के दस्तावेज मौजूद हैं। लखन सिंह के नाम से बने दस्तावेज कोलकाता के रिकॉर्ड रूम में मौजूद हैं, जो संदेहास्पद है। तीसरे दावेदार हैं राजेश राय, जिनके पिता हैं जगदीश राय। पुनीत भार्गव को इन्होंने ही जमीन की रजिस्ट्री की है। पुनीत भार्गव ने जमीन को खरीदने के बाद विष्णु अग्रवाल ने नाम रजिस्ट्री कर दी। प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने जिस जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल के नाम की है, उसका म्यूटेशन भी हो गया। गाड़ी मौजा स्थित भूखंड का म्यूटेशन बड़गाईं अंचल कार्यालय से हुआ है। म्यूटेशन के बाद अब पंजी 2 में विष्णु अग्रवाल का नाम दर्ज दिखाया जा रहा है।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के डैम साइड चंदवे स्थित एक घर का ताला तोड़कर चोर नकदी सहित लाखों के जेवरात ले उड़े। इस संबंध में सिद्धार्थ त्रिपाठी ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि वह 20 अक्टूबर को अपने गांव सिवान पूरे परिवार के साथ छठ मनाने के लिए चले गये थे। जब वापस लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा हुआ है। घर के अंदर आलमारी भी टूटी पायी गयी। आलमारी से चोर नेकलेस, कंगन, मंगटिका, मंगलसूत्र, गले का चैन, अंगूठी, कमरबंद, साड़ी कपड़ा के अलावा महंगी साड़ी नगद दो लाख रुपये लेकर फरार हो गये। सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि वह किराये के मकान में रहते हैं। कैमरा भी लगा हुआ है लेकिन कैमरा का पोजीशन घुमा हुआ है। उन्होंने बताया कि जेवरात और नकदी मिलाकर कुल 30 लाख रुपये की चोरी हुई है। सिद्धार्थ सन्मार्गम फाउंडेशन नामक एनजीओ भी चलाते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति जला कर पूरे प्रदेश में जताया गया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार और महासचिव मोहन मंडल ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति को जलाकर विरोध दर्ज किया गया। यह नियमावली सरकार द्वारा जबरन थोपी जा रही है। शिक्षा मंत्री से कई दौर की वार्ता होने और उनके द्वारा टेट सफल सहायक अध्यापकों को समायोजित कर वेतनमान देने पर सहमति बनी थी। लेकिन उस वार्ता से शिक्षा मंत्री मुकर रहे हैं और अब नयी नियुक्ति नियमावली के तहत विज्ञापन निकालने की बात कर रहे हैं, जो कहीं से न्यायोचित नहीं है। उधर सरकार अल्पसंख्यक विद्यालयों में बिना टेट पास लोगों को नियुक्त कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात करती है। इससे सरकार का दोहरा चरित्र प्रदर्शित होता है।

महाधिवक्ता भी जेटेट सफल सहायक अध्यापक जो सहायक शिक्षक बनने की सारी अहर्ता को पूर्ण करते हैं उन्हें समायोजित कर वेतनमान देने की सिफारिश सरकार से कर चुके हैं। इसके बावजूद सरकार हठधर्मिता के कारण वेतनमान से वंचित कर नियुक्ति नियमावली के तहत एक और परीक्षा से गुजरने की बात कर रही है। प्रति दिन सहायक अध्यापक आर्थिक तंगी और बीमारी से काल के गाल में समा रहे हैं। उनके परिवार को सरकार एक रुपया भी नहीं दे रही है। उलटे रोज रोज नियुक्ति नियमावली लाकर उलझाने का कार्य कर रही है। आगामी 13 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में महागठबंधन के पार्टी कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रांची में जेटेट सफल सहायक अध्यापकों का जुटान होगा। प्रदेश कमिटी के वार्ताकार सदस्य अपने अपने जिला में प्रति जलाकर विरोध जताया, जिसमें सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, कुणाल दास, संजय मेहता, डोमन महतो, सुनील यादव, तथा झरीलाल महतो शामिल हुए।

**13 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में महागठबंधन के पार्टी कार्यालय पर धरना दिया जायेगा**

### जेएससीए में मैच देखने के लिए लगी प्रशंसकों की भीड़

# बल्ला छोड़ टेनिस कोर्ट में नजर आये धोनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी मगंलवार को जेएससीए स्टेडियम पहुंचे। इस स्टेडियम में लोगों ने उन्हें किक्रेट खेलते तो कई बार देखा है। लेकिन मंगलवार को धोनी यहां टेनिस डबल का मैच खेलते नजर आये। यहां झारखंड टेनिस चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया गया है। जिसके उद्घाटन मैच में धोनी खेलने पहुंचे हैं। धोनी अपने जोड़ीदार सुमित बजाज के साथ गोविंदा झा और हिमांशु को जोरदार टक्कर देते नजर आ रहे है। धोनी को देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी है। लोगों में उन्हें देख कर काफी उत्साह है।



**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 04 date 19.10.2022 I, BIGAN YADAV S/o Ramlal Yadav resident of Villege-5nanti P.O. Murpa P.S. Balumath Distt. Latehar (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my son's Bctual and correct name is DHIREN YADAV which is mentioned in Birth Corticate of my son bearing Registration No. B-2022:20-02690-000003 and issue date is 09-03-2022.
2. That in Aadhar Card No. 9317 3357 2409 my son's name is wrongly mentioned as AMIT KUMAR.
3. That this affidavit is required for correction of my son's name is Aadhar card No. 9317 3357 2409 DHIREN YADAV in place of AMIT KUMAR form authority concern.

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
06

## सौंदा डी में भाजयुमो के तीनों मंडल की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वधान में मंगलवार को सौंदा डी पंचायत भवन में भुरकुंडा, भदानीनगर व पतरातू मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह व संचालन भाजयुमो पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सह पार्षद राजाराम प्रजापति उपस्थित थे। बैठक में झारखंड सरकार के विरोध में घोषित 10 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय पतरातू में धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से कहा गया कि इस प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनावें। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य डब्लू पांडे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, दशरथ कुर्मी, दिलीप गुप्ता, राजाराम सिंह, संजय सिंह, अजीत जायसवाल, विष्णु राम, सल्लू मियां, अल्पसंख्यक मोर्चा पतरातू मंडल अध्यक्ष असलम मियां, भदानीनगर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, युवा मोर्चा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह, अंबर कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, पंकज महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## नलकारी छठ मंदिर भुरकुंडा में गुरु पूर्णिमा पर प्रसाद का हुआ वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर मंगलवार को नलकारी छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर, गंगा मईया व छठ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। इस दौरान भुरकुंडा पंचायत के पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन-चैन की कामना की। मौके पर सुभाष दास ने श्रद्धालु महिला-पुरूषों व बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया। इसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर संजीत राम, शंभू दुबे, काला बाबू, अरुण राम, संजय मिश्रा, गोपाल करमाली, जीतू कुमार आदि मौजूद थे।

## झामुमो जिला समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक मंगलवार को होटल ला मेरिटल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन सचिव विनोद महतो ने किया। इस दौरान बैठक में कई निर्णय लिए। जिसमें आगामी 27 नवंबर को शहीद सोबरन सोरेन शहादत दिवस को सफल बनाने को लेकर जिले के सभी पदाधिकारी, प्रखंड, नगर परिषद के सभी पदाधिकारियों शहादत दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाने, पार्टी सदस्यता रसीद सभी प्रखंड, नगर, नगर परिषद के अध्यक्ष और सचिव के माध्यम से सभी पंचायतों एवं वार्डों में सदस्यता अभियान चलाने, 10 दिसंबर तक सदस्यता सूची जिला कार्यालय में जमा करने, जिले के सभी प्रखंड, नगर, नगर परिषद की विस्तार सूची 10 नवंबर तक जिला कार्यालय में जमा करने, 11 नवंबर से 11 दिसंबर तक जिले के सभी प्रखंड, नगर, नगर परिषद के अध्यक्ष, सचिव अपने-अपने पंचायत समिति का गठन कर सूची जिला कार्यालय में जमा करने, 17 दिसंबर को शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस की तैयारी के संबंध में बरलंगा शहीद स्थल पर जिला समिति की बैठक आयोजित 11 बजे से की जाएगी आदि निर्णय लिए गए।

## भुरकुंडा में गुरुनानक देव जी महाराज का 553वें प्रकाशोत्सव पर हुआ कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्थित गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में भी श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाशोत्सव पर्व के अवसर पर मंगलवार को कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। साथ ही इस पावन अवसर पर गुरूद्वारों को काफी भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया। इसमें की गई विद्युत सज्जा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। रात्रि में महिला भक्त समूह द्वारा सबद-कीर्तन किया गया। साथ ही गुरू के अटूट लंगर में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में जमकर आतिशबाजियां भी हुई। वहीं एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार भी गुरूद्वारा पहुंच मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। महोत्सव को सफल बनाने मे गुरूद्वारा के प्रधान भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, गुरूदीप सिंह, निर्मल सिंह सैनी, हरविंदर सिंह सैनी, गुरूमित सिंह, बलजीत सिंह, हरविंदर सिंह बिट्टू, विकर सिंह, सुखचैन सिंह, परमजीत सिंह धामी, प्रवीण शर्मा, प्रेम सिंह बबलू, तरसेम सिंह, लड्डू सिंह, हरपाल सिंह, रवेल सिंह, जसवीर सिंह गांधी, कृष्णा कौर, छिन्दर कौर, करमजीत कौर, रूप रानी, मनदीप कौर, बलबिंदर कौर, परमजीत कौर, लखविन्दर कौर, आशा कौर, गुरजीत कौर, बलजीत कौर, अमृता कौर, जसविन्दर कौर सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## दयाशंकर ओझा ने न्यू संप्रेषण अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिसर चंदन चटराज का त्वरित तबादला किया गया। नये संप्रेषण अधिकारी के रूप में दयाशंकर ओझा ने मंगलवार को किया पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि चंदन चटराज पिछले कई वर्षों से एक ही कुर्सी में चिपके रहने के कारण भ्रष्टाचार एव अराजकता के कई आरोप था। इस मामले पर महाशय चटराज की खबरे सुर्खियो प्रकाशित हो रही थी।जिसमे सीसीएल प्रबंधन द्वारा चन्दन चटराज को जीएम यूनिट मगध- संघमित्रा क्षेत्र में पदस्थापित किया गया। नये पदभार डिस्पैच ऑफिसर दयाशंकर ओझा का पदभार ग्रहण के दौरान सीसीएल कर्मियों एवं कोल व्यवसाय से जुड़े लिप्टरों ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। बताया जाता है कि निवर्तमान डिस्पैच ऑफिसर चंदन चटराज के कार्यकाल से सीसीएल कमीर्यों एवं कोल कारोबारियों ने असन्तुष्ट एवं भ्रष्टाचार के पटरी पर चल रहे थें। ट्रांसफर होते ही स्वच्छ व ईमानदार ऑफिसर को आने से सीसीएल कर्मियो में खुशी देखि गयी।

## भुरकुंडा में धूमधाम से मना श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 553वां प्रकाशोत्सव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि भक्ति जयकारों से मंगलवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। अवसर रहा श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाशोत्सव पर्व का। जो भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रीवर साईड आसपास क्षेत्रों में भक्तिभाव से मनाया गया। इस पावन अवसर पर भुरकुंडा, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा स्थित गुरूद्वारे में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। निशान साहेब की सेवा, प्रभात फेरी, सबद-कीर्तन, सत्संग, महिला समूहों द्वारा भजन आदि धार्मिक आयोजन हुए। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में जमकर आतिशबाजियां भी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, सचिव परमजीत सिंह उर्फ गोल्डी, तजेन्द्र त्रेहन, गुरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष इन्द्रजीत छाबड़ा, निशान सिंह, गुरमित सिंह मित, अमर सिंह, परमजीत सिंह धामी, आत्मा सिंह, बलकार सिंह, जगतार सिंह, जितेन्द्र सिंह उर्फ सोनू, गुरजित सिंह रेक्खी, नरेन्द्र सिंह रेक्खी, जसपाल सिंह, अंग्रेज सिंह, जसवंत सिंह, करण सिंह, प्रित सिंह, गुरमित सिंह उर्फ छोटू, समर सिंह, मोनू, हरप्रित सिंह, अंकित राज, कुलदीप सिंह, गुरुद्वारा ग्रंथी, योगिन्द्र कौर, राजरानी कौर, बीबी जोगिन्दर कौर, हरभजन कौर, सतपाल कौर, निन्द्र कौर, बबली कौर, उषा कौर, डॉली कौर, अमरजीत कौर, जसविर कौर, सर्वजित कौर, रेखा कौर, रतनी कौर, कमलेश रानी छाबड़ा आदि का विशेष योगदान रहा।

# कड़ी कार्रवाई नहीं होने से साल भर चलता है चारकोल का खेला

### रामगढ़ में संजू और महेंद्र धुनकर कर रहे चारकोल का कारोबार!

- समय-समय पर होती है कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति
- एसपी की कार्रवाई के बाद कुछ दिन कारोबार में कमी आने की उम्मीद, सेटिंग में जुटे कारोबारी



बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला में छिटपुट कोयला तस्करी के साथ चारकोल का अवैध कारोबार जारी है। हालांकि समय-समय पर पुलिस की कार्रवाई होती रहती है। जिसके कारण कारोबार में कमी तो आती है, लेकिन कारोबार बंद नहीं होता है। वैसे सीधे तौर पर कहें तो केवल खानापूर्ति की जाती है। इसके कारण कारोबार रुकता नहीं है। हालांकि पुलिस का दावा होता है कि कारोबार नहीं चल रहा है। लेकिन सच्चाई बिल्कुल उलट होती है। इसके कारण चारकोल का खेल पूरा वर्ष चलता रहता है। जिसमें इसमें जुड़े कारोबारी और साइडिंग के लोग मालामाल होते हैं।

#### एफआइआर में नहीं आया मुख्य कारोबारी का नाम

इधर कुजू ओपी में चारकोल मामले में की गयी एफआइआर में मुख्य कारोबारी का नाम नहीं आने से कई कयास लगाये जा रहे है। क्योंकि कारोबारी संजू और महेंद्र ही चारकोल का कारोबार कर रहा है। इसके बावजूद दोनों का नाम एफआइआर से दूर रखना समझ से परे है। इसके कारण कारोबारी और लोगों के जेहन में कई सवाल हिचकोले मार रहा है।

#### एसपी की कार्रवाई के बाद कुछ दिन कारोबार में कमी आने की उम्मीद, सेटिंग में जुटे कारोबारी

इधर एसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर कुजू में पकड़ा गया चारकोल लदा 9 ट्रक मामले के बाद कारोबारी थोड़ा सहमा है। लेकिन कुछ खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। फिर कारोबार को शुरू करने के लिए सेटिंग-गेटिंग शुरू कर दी है। अब देखना है कि कारोबार कब रफ्तार पकड़ता है। फिलहाल कारोबार धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

#### रामगढ़ में संजू और महेंद्र धुनकर कर रहा चारकोल का कारोबार!

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फिलहाल कारोबार का मजा संजू और महेंद्र ले रहा है। ये दोनों व्यक्ति चारकोल स्थानीय साइडिंग के साथ दूसरे राज्यों में भी भेज रहे हैं। इससे दोनों की आय में दिन दूना रात चौगुना बढ़ोत्तरी हो रही है। बताया जाता है कि इनकी सेटिंग पावर प्लांट से जबरदस्त है। कुजू कोयला मंडी से ट्रक बुक कर पावर प्लांटों से चारकोल लोड करवाकर साइडिंग और दूसरे राज्य भेज रहे हैं।

**आजाद सिपाही की खबर का असर**

## पुलिस ने बालू की अवैध ढुलाई में लगे चार ट्रैक्टर को किया जब्त



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र मेंअवैध बालू के कारोबारियों के होसले बुलंद हैं। बालु घाटों की निलामी नही होने के कारण जरूरतमंद लोग ब्लैक में बालू खरीदने को मजबूर हैं। निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। जिसका सीधा फायदा बालू माफियाओं की जेब में जा रहा है। भुरकुंडा थाना क्षेत्र के दतो से भुरकुंडा पुलिस ने सोमवार की रात अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा। तीनों ट्रैक्टर पर बालू लोड है। वहीं मंगलवार सुबह भी घाट से बालू की ढुलाई में लगे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। विडंबना यह भी है कि एक भी ट्रैक्टर पर नंबर अंकित नहीं है। जिससे समझा जा सकता है कि अवैध बालू करोबारियों के हौसले कितने बुलंद हैं और बालू के अवैध कारोबार को लेकर प्रशासन कितनी संजीदा है। दैनिक अखबार आजाद सिपाही बालू के अवैध गोरखधंधे को लेकर खबर प्रकाशित करता रहा है। बीते 17 सितंबर को भी खबर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसमें मिलीभगत से बालू के अवैध करोबार का उल्लेख किया गया था। चर्चा है कि गोरखधंध में बालू तस्कर रवि, बबन, विजय और ललन नामक शख्स क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का उठाव कर रहे हैं। धंधे को लेकर कई लोगों तक बंधी-बंधाई पहुंचाये जाने की चर्चा भी क्षेत्र में जोर शोर से हो रही है।

## तोड़े गये शिवलिंग की पुलिस अधिकारियों ने की जांच



**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेटूल कलां पंचायत अंतर्गत बंदर चुवां बड़का सैल पहाड़ में स्थित शिव मंदिर से शिवलिंग तोड़े जाने का बाद मंगलवार को गोला सर्कल के इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं थाना प्रभारी सिद्दांत ने पुलिस बल के साथ में घटना स्थल पहुँच जांच पड़ताल किया। इस क्रम में सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच हुई। तोड़े गए शिवलिंग के आस पास के क्षेत्रों को देखा गया। इसकी एक रिपोर्ट तैयार की गई। जिसके आधार पर दोषियों तक पहुँचने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस के साथ मे ग्रामीण भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण लगभग दस वर्ष पहले किया गया है। साथ ही इस मंदिर से ग्रामीणों की आस्था जुड़ी है। यहां पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन हिन्दू आस्था के साथ असमाजिक तत्वो ने मजाक किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पूजा अर्चना करने गए महिलाओं को शिवलिंग टूटा हुआ मिला था। इसके बाद ग्रामीणों ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। बताया गया कि दोषियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

## उज्ज्वला फाउंडेशन का दिव्यांग व वृद्धजनों का सम्मान समारोह भव्य रूप से संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** महिलाओं का सशक्तिकरण व उत्थान को लेकर उज्ज्वला फाउंडेशन सदैव तत्पर है। फाउंडेशन के अध्यक्ष व सदस्य बधाई के पात्र हैं। महिला होने का दायित्व निर्वहन करते हुए सदैव आपके सहयोग हेतु मैं खड़ी हूं। आपकी हर समस्या का समाधान के साथ- 2 फाउंडेशन में जुड़ी महिलाओं के सशक्तिकरण व उत्थान को लेकर सहयोग करने का वायदा करती हूं। उक्त बातें मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता पटेल ने अपने खोरठा भाषा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडेशन द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आयोजित वृद्धजनों एवं दिव्यांग सम्मान समारोह के दौरान मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में कही। उन्होंने कही कि विधायक जेपी पटेल मांडू विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए आपकी हर समस्या को दूर करने के लिए तत्पर हैं। उसी प्रकार मेरे द्वारा आप सभी महिलाओं का हर समस्या का निदान करने का प्रयास होगा। इससे पूर्व, संस्था अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में विधायक की पत्नी ललिता पटेल समेत अन्य आगत अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर किया गया। महिलाओं के उत्थान को लेकर जल्द ही सिलाई कढ़ाई सामग्री उपलब्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव शीला कुमारी और उपाध्यक्ष आशा कुमारी ने की। मौके पर पूर्व जिप पार्षद सरस्वती देवी, कुजू पूर्वी मुखिया ललित देवी, पंसस रेखा देवी, रंजीत सिन्हा, मनोज गिरी, तोकेश सिंह अशोक कुमार, रतन साहू, डिंपल प्रजापति, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, सुखदेव सोनी, छोटन प्रजापति, शांति देवी, कौशल्या देवी, मंसरी देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, बसंती, गुनिता, देवंती, सोनी के अलावे काफी संख्या में संस्था के सदस्य और विभिन्न क्षेत्र से आई ग्रामीण महिला मौजूद रहे।

## जेपीएससी सहायक अभियंता परीक्षा में किसान का बेटा सफल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र से पूरी कर युवक जेपीएससी सहायक अभियंता में सफलता पायी।बताया जाता है कि प्रखण्ड क्षेत्र के बरवां गांव निवासी गोपाल मण्डल के पुत्र साहेब मण्डल ने जेपीएससी सहायक अभियंता परीक्षा में 54 वां रैंक लाकर पथ निर्माण विभाग में सहायक अभियंता बने।साहेब ने अपनी स्कूली शिक्षा बरकट्ठा उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा उतीर्ण की।इंटर विज्ञान की पढ़ाई हजारीबाग स्थित मार्खम कॉलेज से पूरी की।इसके बाद बीटेक की पढ़ाई की।इसके बाद सीपीडब्लूडी भारत सरकार में बतौर सिविल अभियंता के पद से अपना कैरियर की शुरूवात की।इधर जेपीएससी सहायक अभियंता प्रतियोगिता परीक्षा मद सफल होकर पूरे प्रखण्ड क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

# रफ्तार का कहर, पिकअप वैन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, दो की हालत नाजुक

### चालक को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर हमला, 4 पुलिसकर्मी भी घायल



चतरा : चतरा में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी का परिणाम है कि जिले के विभिन्न इलाकों में निरंतर सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के टीकर गांव का है। यहां तेज रफ्तार बेकाबू पिकअप वैन के चपेट में आने से बाइक सवार एक मजदूर की मंगलवार को दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। हांलाकि दुर्घटना में संलिप्त पिकअप वैन के चालक को पकड़ा पुलिस को महंगा पड़ गया। वाहन चालक को पकड़ने के लिए उसका पीछा करते जिला के डहुरी गांव पहुंची पुलिस पर हमला बोल दिया।

#### लोगों को शांत करने पहुंची पुलिस पर पथराव

दुर्घटना की सूचना पर सदर थाना के एएसआई शशिकांत ठाकुर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। वहीं बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहे पिकअप वैन को पुलिस ने पीछा करके पकड़ा। लेकिन बाइक सवार मजदूर को टक्कर मारकर भाग रहे पिकअप वैन को पकड़ना पुलिस की टीम को महंगा पड़ गया। टक्कर मारकर पिकअप वैन लेकर भाग रहे वाहन चालक को पकड़ने के लिए पीछा कर रहे सदर थाना पुलिस की टीम के साथ डहुरी गांव के ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने ग्रामीणों के साथ वार्ता करने का प्रयास किया। इस बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस घटना में 4 पुलिसकर्मी के घायल हो जाने की सूचना है जिसके बाद पुलिस की टीम ने बचाव में लाठिया भांजी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सदर बीडीओ गणेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुँचकर उग्र ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने पब्लिक व पुलिस के साथ बैठक कर आपसी दूरी को खत्म करने का प्रयास किया।

## पीवीयूएन ने आयोजित किया कैंसर जागरूकता सत्र



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भारत में कैंसर एक प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल चिंता है, जिसमें हर साल लगभग 1.1 मिलियन मामले सामने आते हैं। मैरी करी के जन्म की याद में हर साल 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस हर साल कैंसर के खतरे को बढ़ाने वाले जीवनशैली विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में पीवीयूएन लिमिटेड की सामुदायिक विकास पहल के तहत ग्राम कटिया के ग्राम पंचायत भवन में जागरूकता सह वकालत सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्घाटन मुखिया किशोर कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अनुपमा, सीएसआर पीवीयूएनएल संतोष कुमार, अंशु कुमारी, चेतन कुमार , गुनजरी देवी , नंद किशोर महतो ,तेरूस देवी ,रीता देवी, नून्नी देवी ,किरण कुमारी, रणधीर कपूर, गणेश कुमार ठाकुर , सुनील कुमार, रविंद्र कुमार ,रवि कुमार, मनीष कुमार, राजेश महतो, संगीता कुमारी, पारिजात कुमारी , विमला देवी ,पूनम देवी संध्या देवी, उषा देवी ,सुमन देवी प्रतिमा देवी ,ललिता देवी ,अनीता देवी सहित कई लोग शामिल हुए।

## पीवीयूएन ने मनाया एनटीपीसी का स्थापना दिवस समारोह



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएन लिमिटेड ने प्रशासनिक भवन परिसर में मंगलवार को एनटीपीसी का 48वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ पीवीयूएन सीइओ प्रेम प्रकाश के द्वारा केक काटकर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ प्रेम प्रकाश ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को अधिक से अधिक ऊंचाई प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर सीजीएम (सी एंड एम) नीरज मित्तल , जीएम (प्रोजेक्ट) एस के पांडा एम.सी. करण, जीएम (टीएस) एमसी करंन, एचओएचआर नीरज कुमार राय सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

## सीसीएल कुजू क्षेत्र की बंद पड़ी कोलियरी जल्द होगी चालू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** इंटक सम्बद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ द्वारा सीसीएल जीएम को सौंपे गए 31 सूत्री मांग पत्र को लेकर मंगलवार को पूर्व मंत्री सह इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के साथ जीएम चंद्रशेखर तिवारी की वार्ता हुई। इस दौरान बंद पड़ी कोलियरियों को चालू करने समेत विभिन्न मांगों पर सकारात्मक वार्ता हुई। मौके पर चंद्रशेखर दुबे ने कहा कि सीसीएल महाप्रबंधक के साथ वार्ता सफल रही है। जल्द ही बंद पड़ी कोलियरी चालू होगी। जिसको लेकर आगामी 11 नवंबर को सीएमडी से वार्ता होगी। मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मो अताउल्लाह, सुनील सिंह, राजेंद्र चौधरी, बच्चन पांडेय, अर्जुन सिंह सुरेश प्रसाद, मकबूल अंसारी, मुनेश्वर राम, मुस्तकिम अंसारी, ईनाम अली, जयनाथ महतो, आकाश ओझा मौजूद रहे।

## कुजू में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ महोत्सव भव्य भंडारा के साथ संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत आत्मकथा ज्ञान महायज्ञ महोत्सव कार्यक्रम मंगलवार को भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। गत 7 दिनों से भागवत कथा के साथ - साथ कलाकारों द्वारा कृष्ण लीला की जीवंत झांकियां प्रस्तुत की गई। वही, श्रीधाम अयोध्या से आये कथावाचक सह आचार्य श्री व्यास जी महाराज ने सात दिन भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराया। मौके पर कृष्ण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मुखिया राकेश मेहता, जय कुमार ओझा, जयप्रकाश अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, शंभू अग्रवाल श्वेता अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल अंजनी अग्रवाल, अनु अग्रवाल, मीना देवी, रजनी अग्रवाल, कुमुद, धर्मदेव, प्रीति, अतुल, राहुल, हंसराज, प्रांजल, श्रेया अदिति मोहित, राजकुमार केशरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता कल से

**कुजू (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता आगामी 10 नवंबर को जुबली स्टेडियम आरा कोलियरी में आयोजित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी होंगे। जबकि 12 नवंबर को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीएमडी पीएम प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक कार्मिक रांची के हर्षनाथ मिश्रा होंगे। उक्त आशय की जानकारी सीसीएल कुजू क्षेत्र के एसओपी एमएफ हक ने दी।

## पवित्र कार्तिक पूर्णिमा पर सैकड़ों लोगों ने नदियों एवं तालाबों में किया स्नान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पवित्र कार्तिक महीने की पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की अहले सुबह नलकारी एवं दामोदर नदी एवं कोयलांचल के विभिन्न तालाब एवं नदियों में श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य को जल अर्पित किया। नदियों एवं तालाबों के किनारे बड़ी संख्या में गरीब असहाय लोग नजर आए। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद साधु संत एवं गरीब असहाय लोगों के बीच अनाज दान किया। इसके बाद लोग मंदिरों में पहुंचकर आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कई संगठनों एवं संस्थाओं ने गरीब असहाय और साधु-संतों के बीच खीर, पूडी, खिचड़ी आदि प्रसाद का वितरण किया। बताया जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन नदी एवं तालाबों में स्नान कर गरीब एवं साधु संत के बीच दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं दूसरी तरफ कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भुरकुंडा कोयलांचल में भी श्रद्धालुओं की नदियों एवं तालाबों में स्नान और दान का सिलसिला दिखा। यहां भुरकुंडा छठ मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

## जयनगर स्कूल में हुआ कराटे प्रशिक्षण सह प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित मध्य विद्यालय जयनगर में मंगलवार को सोतोकान कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में कराटे प्रशिक्षण सह प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शोकाफ के नरेन्द्र सिन्हा मुख्य रुप से शामिल थे। इसमें सबसे पहले कुमिते (फाईट) का प्रशिक्षण दिया गया और डब्लुकेएफ के नियमों को बताया गया। इसके बाद पिछले महिने ग्रेडिंग में सफल कराटेकारों को प्रमाण पत्र दिया गया। इसमें पीला बेल्ट उत्सव यादव, ओमप्रकाश यादव, अमित साहु, पीयुष पाठक, अर्पित पाठक, प्रतीक पाठक, जान्हवी, सिद्धार्थ कुमार को दिया गया वहीं औरंज बेल्ट अभिषेक कुमार यादव को व पर्पल बेल्ट शिवम कुमार यादव को दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में करीब 30 कराटेकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक योगेन्द्र गंझु, राशि सिन्हा आदि ने सहयोग किया।

## केंद्रीय परिषद की बैठक को सफल बनाने को लेकर हुई इसीआरकेयू की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे क्षेत्र में ईसीआरकेयु शाखा एक की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव आरएन चैधरी ने की। इसमें 14 और 15 नवंबर को होने वाले 30वां केन्द्रीय परिषद की बैठक को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बाद पतरातू रेलवे के सभी विभागों के कार्यालयो के दिवार पर पोस्टर चिपकाए गए। ताकि अधिकांश कर्मचारियों को बैठक की जानकारी मिल जाए। मौके पर प्रेराज पटेल, लालबाबु, सुजीत कुमार, रवि कुमार, एमके शर्मा, आकाश, विकास, सहित अन्य रेल कर्मचारी शामिल थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## राज्य सरकार के खिलाफ मेराल प्रखंड कार्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन आज



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंगलवार को गोंदा गांव स्थित संजय भगत के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा एवं मनोज जायसवाल ने की। बैठक में निर्णय हुआ कि 9 नवम्बर को सूबे की सरकार के खिलाफ कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। उससे पहले मेराल हाई स्कूल से रैली निकाली जाएगी। बैठक में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि आज प्रखंड के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर राज्य की वर्तमान सरकार में फैली अराजकता को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार को आईना दिखाने के लिए आग्रह किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी एवं संजय भगत, महेंद्र सिंह, मंडल सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, चंद्रमणि पाठक, अमित शाह, डॉ लाल मोहन सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भवनाथपुर प्रखंड भाजपा का धरना-प्रदर्शन 11 नवंबर को

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में हेमन्त सरकार की नीतियों के खिलाफ भवनाथपुर भाजपा इकाई आगामी 11 नवम्बर को प्रखंड कार्यालय में रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगी। उक्त कार्यक्रम को लेकर मण्डल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने बताया कि हेमंत सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, बालू पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन आगामी 11 नवंबर को होगा। कार्यक्रम की सफलीभूत करने को लेकर पंचायतवार प्रभारियों की नियुक्ति करने के साथ किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, महिला मोर्चा के अध्यक्षों को अपनी अपनी कमेटी के सदस्यों को सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन जन तक को बताने एवं उन्हें पार्टी से जोड़ते हुए कार्यक्रम में शामिल करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पाण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनय चौबे, अनिल चौबे, मनोज सिंह, संजय यादव, महामंत्री भानु गुप्ता, सुनील सिंह, ब्रजेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, चंद्रदेव रावत, रामदेव मेहता, आनंद कमलापुरी, सुनील राम, दिनेश रावत, शैलेश चौबे, प्यारे मुहम्मद, अरुण गुप्ता, संगीता गुप्ता, सरिता विश्वकर्मा, दिलीप पासवान, सुरेंदर राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नप अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी डॉ प्रतिमा दास ने शहर के कई क्षेत्रों में किया जनसंपर्क



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डॉ प्रतिमा कुमारी दास भावी प्रत्याशी अध्यक्ष पद नगर परिषद गढ़वा ने मंगलवार को गढ़वा शहर के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान डॉ प्रतिमा ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा शहरवासियों को गढ़वा की दशा और दिशा तय करनी है। आज जो स्थितियां 10 साल पहले थीं आज भी वही बनी हुई हैं। नाली और गली की स्थिति आज भी वही है। बद से बदतर स्थिति में है और शहरवासियों को अनावश्यक कर की चपेट में फंसाए हुए हैं। चाहे वह होल्डिंग के नाम पर हो, चाहे वह पानी कनेक्शन के नाम पर। अनावश्यक कर लेते हुए भी नगर परिषद की ओर से जो गढ़वा वासियों को सुख सुविधा मिलनी चाहिए उससे वंचित हैं। उन्होंने कहा कि दावे के साथ कहती हूं कि अगर यहां के लोगों से मेरी वैचारिक स्थितियां आप से बनती हैं यह विचार मिलता है तो आने वाले समय में मैं यह साबित कर दूंगी कि नगर परिषद का अधिकार क्षेत्र जो होता है उस अधिकार क्षेत्र के माध्यम से गढ़वा के तमाम नाली गली के सुंदरीकरण के साथ-साथ वे सभी सुख सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे आज भी यहां के लोग वंचित हैं। जनसंपर्क अभियान में डॉ प्रतिमा के साथ गोलू कुमार, सत्येंद्र कुमार, सोनी देवी, रेखा देवी सहित मुहल्ले के कई लोग शामिल थे।

प्रेस कांफ्रेंस : भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन में भाजयुमो कार्यकर्ताओं की होगी अहम भूमिका

# भाजपा कार्यकर्ता माफियागिरी के नहीं, संघर्ष की उपज हैं : रितेश चौबे

झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री हर दिन भाजपा कार्यकर्ताओं को गाली धमकी देने में लगे हुए हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय गढ़वा में प्रेस को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा गढ़वा जिला द्वारा गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार, अपराध व अव्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय प्रदर्शन में भाजयुमो कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री हर दिन भाजपा कार्यकर्ताओं को गाली धमकी देने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर ने जिस तरह से सार्वजनिक मंच से भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकी दी है इससे यह साबित होता है कि यह लोग झारखंड में माहौल को बिगाड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता माफियागिरी के दम पर पैदा नहीं हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष की ऊपज हैं। भाजपा कार्यकर्ता अपने परिवार के उत्थान के लिए नहीं बल्कि जनता, समाज के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के मुख्यमंत्री पहले ईडी कार्यालय पहुंचकर अपना जबाव दें, भाग क्यों रहे हैं। हेमंत सरकार में बैठे लगभग मंत्री विधायक ईडी सीबीआई के मेहमान बने हुए हैं और जो कुछ बाकी हैं उनकी भी बारी जल्द आयेगी। सरकार ने युवाओं को रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के नाम पर ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में स्थानीय युवा अपने राज्य से पलायन को मजबूर हैं। युवाओं में हेमंत सरकार के खिलाफ काफी गुस्सा है। इसको लेकर गढ़वा जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय पर ऐतिहासिक प्रदर्शन में भाजयुमो के नेतृत्व में हजारों युवा प्रदर्शन में शामिल होंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिला मंत्री संजय जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।




### कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बनाये गये प्रखंड प्रभारी

कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे द्वारा सभी प्रखंड स्तर पर प्रखंड प्रभारी बनाये गये हैं। अविनाश पासवान को गढ़वा, अभिमन्यु गुप्ता को चिनियां, अरुण तिवारी को रंका, नवीन जायसवाल को रमकंडा, संजय जायसवाल को डंडा, रत्नेश ठाकुर को डंडई, डॉ लालमोहन को मेराल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय को रमना, मुकेश चौबे को श्री बंशीधर नगर, रुपेश अग्रवाल को सगमा, अखिलेश उरांव को धुरकी, राजीव रंजन पासवान को भवनाथपुर, संजय कमलापुरी को मझिआंव, रामानुज सिंह को कांडी, जय प्रकाश गुप्ता को खरौंधी, हैप्पी प्रताप शाही को केतार, जितेन्द्र दीक्षित को विशुनपुरा, शिवम भारद्वाज को बरडीहा, अनिमेष दुबे को भंडरिया, जितेन्द्र चौबे को बड़गड़ प्रखंड का प्रभारी बनाया गया है।

## केंद्रीय टीम ने मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

टीम ने सभी गतिविधियों की बारीकी से जांच कर स्वास्थ्य कर्मियों को कई खामियों को दर्शाते हुए दिये कई सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** सीआरएम की टीम द्वारा मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल पहुंचकर अस्पताल की सभी मैनेजमेंट व्यवस्था का निरीक्षण बारीकी से किया गया। टीम के उपनिदेशक डॉ प्रभास बेरा के साथ डॉ डीके यादव तथा डॉ ओसामा उमर शामिल थे। टीम द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार के लिए चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सभी गतिविधियों तथा उससे संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की गयी।

टीम के पहुंचने पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीम में शामिल सभी पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर तथा एएनएम तथा स्वास्थ्य सहिया द्वारा गांव जाकर भव्य स्वागत किया गया।

टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी गतिविधियों की जांच बारीकी से की गयी। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को कई खामियों को बताते हुए सुझाव दिया गया। टीम द्वारा पहले प्रसव कक्ष तथा प्रसव पूर्व जांच सुविधा की अद्यतन जांच करते हुए एएनएम से कई अहम पूछताछ की गई तथा सुझाव दिये गये। इसके बाद एक-एक कर ओटी, जांच घर, एक्सरे, ओपीडी, दवा भंडारण सहित सभी विभागों की गहनता से छानबीन करते हुए संबंधित टेक्नीशियन से पूछताछ की गई। जांच घर के निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में स्लाइडर रखे जाने को लेकर उन्होंने आपत्ति जताते हुए साफ सफाई के साथ सभी उपकरणों को व्यवस्थित कर रखने का निर्देश दिया। उपनिदेशक डॉ प्रभास बेरा द्वारा एक्सरे सुविधा को लेकर तकनीशियन से पूरी जानकारी लेने के बाद आवश्यक निर्देश दिये गये।



निरीक्षण के दौरान मेराल सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डॉ अनिल साह, डॉ राकेश रंजन गुप्ता, सुशील कुमार, प्रधान सहायक हुमायूं कबीर, बीपीएम चंचल कुमार, दीपेश तिवारी, विनोद कुमार, गोवर्धन शर्मा, राजेश मिश्रा, राकेश कुमार, मुकेश ठाकुर सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## केतार प्रखंड राष्ट्रीय नाई समाज कमेटी का गठन



**केतार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान नाई समाज के उत्थान व नाई समाज को एकजुट होकर अपने समाज को आगे बढ़ाने को लेकर मंगलवार को पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर एवं प्रदेश सचिव राजेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में सरयु दास रामलीला मैदान में प्रखंड स्तरीय नाई समाज की बैठक हुई। जिसमें केतार प्रखंड के सातों पंचायत के लोग जमा हुए एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिक्षक संतोष कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर, सचिव नागेंद्र ठाकुर, उप सचिव अरविंद ठाकुर, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र ठाकुर एवं हीरालाल ठाकुर को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि रामजन्म ठाकुर को संरक्षक, प्रवेश ठाकुर, कमलेश ठाकुर को संयोजक, एवं अनुज ठाकुर व संतोष ठाकुर को सूचना मंत्री बनाया गया। राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि आज कमेटी गठन के साथ साथ अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि नाई समाज संगठित होकर अपने समाज को आगे ले जाने का काम करे।

## भूमि विवाद में मारपीट सात लोग घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के अन्नराज नावाडीह गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव निवासी मोहम्मद दीन अंसारी का पुत्र सिराजुद्दीन अंसारी, सद्दाम अंसारी, लियास अंसारी, इदरीश अंसारी, ज्ञासुद्दीन अंसारी व गढ़वा थाना क्षेत्र के अन्नराज नावाडीह गांव निवासी गफूर अंसारी का पुत्र नेयाजउद्दीन अंसारी एवं उसकी पत्नी शकीला बीवी के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सराजुद्दीन अंसारी को रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मोहम्मद दीन अंसारी ने आरोप लगाया है कि अन्नराज नावाडीह गांव में उसका पुराना मकान है। जिसमें वे लोग विवाद के कारण ताला लगा कर रखे थे। आपस में समझौता करने के लिए उसका भाई जमरूद्दीन अंसारी, मोहम्मद दीन अंसारी को सोमवार को बुलाया था। इसी दौरान दरवाजा पर दूसरे पक्ष के जमरूद्दीन अंसारी बैल बांधकर रखा था। जब उसे वहां से हटाने के लिए कहा गया तो दोनों पक्षों के बीच आपस में नोकझोंक हो गयी, उसके बाद जमरूद्दीन अंसारी के अलावे हैदर अंसारी, शौकत अंसारी, अफजल अंसारी, शरीफ अंसारी, असगर अंसारी एवं सरफराज अंसारी ने एकजुट होकर उक्त लोगों के साथ मारपीट कर दी।

गोष्ठी : शांतिकुंज प्रतिनिधियों की देखरेख में हुआ जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनगर्ठन

# संजय सोनी जिला गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बने

मिथिलेश कुशवाहा, प्रभुदयाल प्रजापति, अनिता देवी, लक्ष्मी पाठक, अच्युतानंद तिवारी, डॉ राम नरेश प्रसाद और ललसू राम सदस्य चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से संबद्ध जिला गायत्री परिवार गढ़वा ट्रस्ट का शांतिकुंज प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुनर्गठन किया गया। इसमें संजय सोनी को मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, डॉ आलोक रंजन दूबे को सहायक प्रबंध ट्रस्टी एवं मिथिलेश कुमार कुशवाहा, प्रभुदयाल प्रजापति, अनिता देवी, लक्ष्मी पाठक, अच्युतानंद तिवारी, डॉ राम नरेश प्रसाद और ललसू राम को ट्रस्ट का सदस्य के रूप में चयन किया गया। इसके बाद सभी ट्रस्टियों के बीच विभाग का बंटवारा भी किया गया। साथ ही सभी समितियों का गठन भी किया गया। इस मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि के रूप में टाटा जोन समन्वयक नरेश प्रसाद, टाटा उपजोन समन्वयक अशोक मंडल, पलामू उपजोन प्रतिनिधि शिव कुमार, उपजोन प्रभारी शिवशंकर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर शांतिकुंज प्रभारी नरेश प्रसाद ने नये ट्रस्टियों को कर्तव्य एवं बोध से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद गढ़वा ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के ट्रस्टियों के पास न सिर्फ संगठन द्वारा चलाये जा रहे सभी सात आंदोलनों को विस्तारित करने का दायित्व है, बल्कि उनके उपर मिशन के वित्तीय अनुशासन की भी जिम्मेवारी होती है।

गोष्ठी को टाटा उपजोन समन्वयक अशोक मंडल, पलामू के शिव कुमार एवं शिवशंकर सिंह ने भी संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन जिला समन्वयक विनोद पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि कुमार, वार्ड पार्षद अजीत कुमार, उतम विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, पप्पू कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

मौके पर परिव्राजक संतन मिश्र, कल्याणपुर शक्तिपीठ के व्यवस्था प्रमुख सरयू राम चंद्रवंशी, गढ़वा प्रखंड समन्वक अखिलेश कुशवाहा, मझिआंव समन्वयक नागेंद्र सिंह, बेचन राम, वीरेंद्र सोनी, घनश्याम सोनी, रंका समन्वयक बजेंद्र चौधरी, नगरउंटारी से अजीत चौबे, महिला मंडल की पुनम चौबे, ममता चौबे, ममता तिवारी, मीना कमलापुरी, सत्या चौबे, संगीता कुमारी, प्रमिला देवी, सोनी कुमारी, सुषमा देवी, कांति दूबे, कन्हाई चंद्रवंशी, रंजीत केसरी, डॉ सुनील विश्वकर्मा, रंजीत केसरी मौजूद थे।



### आनेवाला समय सतयुग का है : नरेश प्रसाद

शांतिकुंज प्रतिनिधि ने कहा कि युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा की भविष्यवाणी सत्य होती जा रही है। उनकी भविष्यवाणी के मुताबिक आनेवाला समय सतयुग का है। सतयुग की वापसी के लिये युगऋषि का सूक्ष्म प्रयास लंबे समय से चल रहा है। लेकिन इसमें हम सबों को स्थूल प्रयास कर सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि परिवार व समाज में जिस प्रकार से दिनोंदिन गिरावट देखने को मिल रही है। इससे चारों ओर निराशा का वातावरण बनते जा रहा है। इस परिस्थिति में लोगों में आस्था पैदा कर उनको नवयुग की गतिविधि के लिये तन, मन व धन से तैयार करना गायत्री परिजनों की जिम्मेवारी है।

## हिम्मत है तो भाजपा कार्यकर्ताओं को छूकर दिखायें मंत्री मिथिलेश : राजीव राज तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी ने कहा है कि मिथिलेश ठाकुर जबसे गढ़वा के विधायक बने हैं तब से गढ़वा में अराजकता का माहौल बना हुआ है। अपराधियों को संरक्षण देनेवाली झामुमो की सरकार से आम अवाम परेशान है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री भाजपा कार्यकर्ताओं को टांग तोड़ने की धमकी देते हैं। वे भाजपा कार्यकर्ताओं को छू कर दिखायें। झारखंडवासी, गढ़वा वासी आगंतुकों को सम्मान देना जानते हैं और ऐसे में कोई धमकी दे तो उसे खदेड़ने में पीछे भी नहीं रहते। श्री तिवारी ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर जबसे विधायक बने हैं तबसे आये दिन निर्दोष लोगों पर हमले और हत्या की वारदातों में काफी वृद्धि हुई है। इस जंगल राज से अब गढ़वा के लोग उब चुके हैं और भयभीत भी हैं कि अगर वे सच बोलते हैं तो उन पर भी हमला हो सकता है। उन्होंने कहा कि वे पहली बार ऐसा नेता देखे हैं जिनका भय कार्यकर्ताओं के चेहरे पर हमेशा बना रहता है। कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने की भी इजाजत न हो तो इसे क्या कहा जायेगा। कहा कि पूर्व में सच बोलने की कीमत मंत्री के कई कार्यकर्ताओं को चुकानी पड़ी है। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा हिंसा में विश्वास नहीं करती। भाजपा के कार्यकर्ताओं को किसी ने छूने की भी कोशिश की तो इसका अंजाम उन्हें भुगतना पड़ेगा और गढ़वा की जनता वैसे लोगों को कभी माफ नहीं करेगी। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और यह सब लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास और भरोसे के कारण संभव हो सका है। लेकिन राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार हिंसा और फरेब की बुनियाद पर टिकी हुई है। सरकार में शामिल मंत्री तो एक से बढ़कर एक हैं। उन्होंने कहा कि आनेवाले चुनाव में झारखंड से यूपीए का नामो निशान मिट जायेगा और भाजपा की सरकार बननी तय है।

### टांग अड़ाओगे तो हम टांग तोड़कर रख देंगे : मंत्री मिथिलेश ठाकुर



रांची (आजाद सिपाही)। राजभवन के समक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ महागठबंधन के विशाल धरना प्रदर्शन में कई नेताओं के बिगड़े बोल देखने को मिले। एक तरफ बंधु तिर्की ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारने की बात कही तो वहीं दूसरी ओर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं की टांग तोड़ने की बात कही। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपना आपा खो दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में बाधक बनने वाले को खदेड़ने का काम करेंगे और उसके बावजूद भी नहीं माने तो हम उनकी टांग तोड़ देंगे।

## स्व. केदारनाथ पांडे के निधन पर माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने की शोकसभा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में आज संघ कार्यालय के प्रांगण में समेकित बिहार/झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के संस्थापक, बिहार विधानसभा परिषद के प्रखर एवं ओजस्वी सदस्य स्व. केदारनाथ पाण्डे की विगत 28 अक्टूबर 22 को हृदयाघात से निधन होने पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के कई संघीय पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध शिक्षकवृंद ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. पाण्डेय को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में जिला सचिव नागेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष सरफुल्लाह, विद्यालय परीक्षा समिति अध्यक्ष रिंकू कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष गढ़वा संजय करमाली, राजकीयकृत रामसाहू उच्च विद्यालय गढ़वा के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना मेराल के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन दास, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बान्दु चुतरु रंका के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक परवेज आलम खान, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जतपुरा नगर उंटारी के प्रबुद्ध शिक्षक हरेराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक को उत्क्रमित वेतनमान देने संबंधी ज्ञापन सौंपा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ भवनाथपुर, खरौंधी एवं केतार अंचल इकाई के द्वारा मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही से उनके आवास पर मुलाकात कर सचिवालय कर्मियों के साथ ही प्राथमिक शिक्षकों को भी उत्क्रमित वेतनमान देने के संबंधी ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ के सदस्यों ने बताया कि झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 2891 दिनांक 13 अप्रैल 2014 के द्वारा पुनरीक्षित वेतनमान उत्क्रमित वेतनमान ग्रेड पे के पदों पर 1 जनवरी 2006 के पूर्व पदस्थापित सचिवालय कर्मियों के साथ प्रारंभिक शिक्षकों को भी वेतन निर्धारण के लिए फिटमेंट टेबल की स्वीकृति दी गई थी, परंतु वित्त विभाग झारखंड सरकार के ज्ञापांक 3251 दिनांक 11 सितंबर 2014 के द्वारा इस संकल्प को स्थगित कर दिया गया। इस बीच योजना सह वित्त विभाग झारखंड सरकार के ज्ञापांक 2623 दिनांक 1 जनवरी 2019 के द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों को छोड़ते हुए सचिवालय कर्मियों का स्थगन वापस ले लिया गया। कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा भी सचिवालय कर्मियों की तरह से प्रारंभिक शिक्षकों को भी उत्क्रमित वेतनमान देने संबंधी न्याय निर्णय दिया गया है। इस संबंध में तीनों प्रखंड इकाई के शिक्षकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर झारखंड सरकार को इस संबंध में अवगत कराते हुए लाभ दिलाने का आग्रह किया। इस मौके पर शिक्षक राकेश कुमार चौबे, सतीश कुमार चौबे, राजीव रंजन द्विवेदी, राजकुमार प्रसाद, ब्रजमोहन पांडेय आदि उपस्थित थे।

## अभाविप की सदस्य अनामिका बोस ने जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर सेवा शिविर चलाया जा रहा है। अभाविप की सदस्य अनामिका बोस के द्वारा जरूरतमंद को रक्तदान किया गया। रक्तदान के बाद सुश्री अनामिका बोस ने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमोजरी नहीं आती है। सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है। रक्तदान कर भी मानवता की सेवा की जाती है। रक्तदान से किसी की जिंदगी बचायी जा सकती है। यह मानव सेवा के साथ पुण्य का कार्य है। मौके पर निशांत चतुर्वेदी, पंकज कुमार, प्रेम रंजन आदि लोग मौजूद थे।

# आरक्षण नीति का नया दौर

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के 103वें संशोधन को संविधानसम्मत करार देते हुए सोमवार को आर्थिक रूप से पिछड़े तबके के प्रत्याशियों को शिक्षा संस्थानों में और सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण पर मुहर लगा दी। पांच जजों वाली संविधानपीठ द्वारा दो के मुकाबले तीन के बहुमत से सुनाये गये इस फैसले के निहितार्थ बहुत दूर तक जाते हैं। आरक्षण मौजूदा दौर के कुछ सबसे जरूरी, पर उतने ही जटिल और विवादित मसलों में रहा है। ऐसे में जब संसद ने 2019 में संविधान में संशोधन करके देश में गरीबों के लिए अलग से दस फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की तो स्वाभाविक रूप से उसके विरोध में आवाजें उठने लगीं और सुप्रीम कोर्ट में भी इस संशोधन को चुनौती देती याचिकाएं आने लगीं। इन याचिकाओं में उठे तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए कोर्ट ने ताजा फैसले में जो कुछ कहा है, उससे कुछ बातें पूरी तरह साफ हो गयी हैं। पहली, अब तक कहा जाता था कि देश में आरक्षण सिर्फ सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन के ही आधार पर दिया जा सकता है किसी और आधार पर नहीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साफ किया कि आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण दिया जा सकता है और यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ नहीं है। दूसरी बात यह कि चूंकि नयी श्रेणी बना कर यह आरक्षण दिया जा रहा है और पहले से शामिल समुदायों के कोटा में कोई फेरबदल नहीं किया गया है, इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि नयी व्यवस्था उन समुदायों के खिलाफ है या इसके जरिए उनके हितों को प्रभावित करने की कोशिश की गयी है। तीसरी बात यह कि कुल आरक्षण पर अधिकतम 50 फीसदी की सीमा भी इस मामले में बाधा नहीं बनती। माना गया कि आरक्षण अपने आप में साध्य नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का एक साधन है। चूंकि इतने वर्षों में भी इसका लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है, इसलिए आरक्षण से जुड़े प्रावधानों में जरूरी बदलावों पर विचार-विमर्श होना ही चाहिए। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर समाज और राजनीति के अलग-अलग हिस्सों से शुरुआती प्रतिक्रिया मिली-जुली आयी है। यह देखना होगा कि क्या कोई पक्ष इस फैसले पर पुनर्विचार की अपील करता है या नहीं। लेकिन वह बाद की बात है। फिलहाल देश की शीर्ष अदालत का यह फैसला लागू हो चुका है। इसने आरक्षण से जुड़ी अंतहीन सी लगती बहसों के कई पहलुओं पर विराम लगाने का काम किया है, लेकिन ऐसे मामलों में कोई भी एक फैसला सारे सवालों के जवाब नहीं दे सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि आरक्षण का मकसद पूरा नहीं हुआ है, सभी तबकों को समुचित प्रतिनिधित्व मिलना अभी बाकी है। ऐसे में इससे जुड़े नये सवाल उठने भी बंद नहीं हो सकते, किसी लोकतांत्रिक समाज के लिए यह अभीष्ट भी नहीं है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि आगे उठने वाले सवालों को भी खुलेपन के साथ और प्रगतिशील मूल्यों की कसौटी पर ही परखा जाये।

**देश की शीर्ष अदालत का यह फैसला लागू हो चुका है। इसने आरक्षण से जुड़ी अंतहीन सी लगती बहसों के कई पहलुओं पर विराम लगाने का काम किया है, लेकिन ऐसे मामलों में कोई भी एक फैसला सारे सवालों के जवाब नहीं दे सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी-20 का पल भारत के लिए एक ऐसा मौका है, जहां वो एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडा निर्मित कर सकता है और उसे आगे बढ़ा सकता है। ये एजेंडा है - 'लाइफ' (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल), डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित विकास पर गहरा ध्यान देते हुए समावेशी, न्यायसंगत और स्थायी विकास को आगे की ओर रखना।**

# भारत की जी-20 अध्यक्षता: उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक बहुत ही बड़ा पल

**अमिताभ कांत**

भारत एक महीने से भी कम वक्त में, 1 दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता लेने जा रहा है। इस दौरान वो एक बहुत ही खास स्थिति में है, जहां वो दुनिया भर के विकासशील देशों की चिंताओं और वरीयताओं के हक में आवाज उठा सकता है। इंडोनेशिया-भारत-ब्राजील की जो जी-20 वाली तिकड़ी है, उसके केंद्र में भारत खड़ा है। इस प्रतिष्ठित अंतर-सरकारी मंच के 14 साल के इतिहास में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्व में अपनी तरह की ये पहली तिकड़ी है। तकरीबन 1.4 अरब की आबादी के साथ, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर भारत के पास गजब का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रसूख है, जिससे वो ग्लोबल नैरेटिव का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकता है, ताकि आज की वास्तविकताओं का बेहतर ढंग से प्रतिनिधित्व कर सके।

जी-20 का पल भारत के लिए एक ऐसा मौका है, जहां वो एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडा निर्मित कर सकता है और उसे आगे बढ़ा सकता है। ये एजेंडा है - 'लाइफ' (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल), डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित विकास पर गहरा ध्यान देते हुए समावेशी, न्यायसंगत और स्थायी विकास को आगे की ओर रखना।

हालांकि, तेजी से ध्रुवीकृत हो रही इस विश्व व्यवस्था में इन प्राथमिकताओं को उभारना कोई आसान काम नहीं है। जी-20 की भारतीय अध्यक्षता ऐसे समय पर आयी है, जब कुछ अन्य वैश्विक चिंताओं का ग्रहण लगा हुआ है। ये चिंताएं रूस और यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों और व्यापक आर्थिक मंदी से लेकर विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले गंभीर ऋण संकट तक जाती हैं।

**डिजिटल मोर्चे की बात करें, तो भारत मिसाल कायम करते हुए नेतृत्व करने को तैयार है।**




संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की पृष्ठभूमि में देखें तो कोविड-19 महामारी के कारण तात्कालिक आपदा शमन प्रयासों से दशकों की विकास संबंधी प्रगति में भारी बाधा पड़ी है। ऐसे में सतत विकास को लेकर भारत का विजन ही इस वक्त की जरूरत है, जो कि वैश्विक अंतर्संबंधों, साझा जिम्मेदारी और एक सर्कुलर इकोनॉमी में निहित है।

इस मिशन को उभारने के लिए भारत जी-20 की अपनी अध्यक्षता की थीम के तौर पर 'वसुधैव कुटुंबकम' या 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' को अपना रहा है। एक प्राचीन संस्कृत पुस्तक महाउपनिषद् से ली गयी ये फिलॉसफी 2014 में भारत की डिप्लोमैटिक विश्वदृष्टि में दिखती है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अपने ऐतिहासिक संबोधन में विश्व परिवार की बात की थी। उस समय प्रधानमंत्री जी-4 गठबंधन के लिए एक बड़ी भूमिका का आह्वान कर रहे थे, और वे इस नीति को 'निल बटे सन्नाटा' के तौर पर न देखने की जरूरत पर बल दे रहे थे। आज, ये संदेश पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक बना हुआ है। क्योंकि मानवता आज तक के अपने सबसे बड़े अस्तित्व के खतरे से जूझ रही है। वो है - जलवायु परिवर्तन का विनाशकारी व्यापक असर। भारत को उम्मीद है कि अपनी थीम से वो दुनिया भर के नेताओं और वैश्विक नागरिकों को ये याद दिलायेगा कि सबसे छोटे सूक्ष्मजीव से लेकर सबसे बड़े सभ्यागत इकोसिस्टम तक, जीवन के तमाम रूप परस्पर जुड़े हुए हैं। और ये कि कैसे ये साझा भविष्य, एक बराबर जिम्मेदारी और व्यक्तिगत हस्तक्षेप को जन्म देता है।

भारत का जी-20 वाला लोगो ऐसी ही फिलॉसफी की बात करता है। कमल, जो कि देश का राष्ट्रीय फूल है और विपत्तियों के बीच भी विकास का प्रतीक है, उसमें बैठी पृथ्वी की छवि, दरअसल जीवन को लेकर भारत की प्रो-प्लैनेट अप्रोच की बात करती है। इसके लोगो में केसरिया, सफेद और हरे रंग का शानदार मिश्रण दरअसल विविधता और समावेश के सिद्धांतों को दशार्ता है जो कि उसके सांस्कृतिक लोकाचार को रेखांकित करता है। भारत लंबे समय से सार्वभौमिक सद्भाव और सहयोग का वाहक रहा है और आगे भी रहेगा। 'लाइफ' (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल) की अवधारणा इन सिद्धांतों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है। नवंबर 2021 में ग्लासगो में सीओपी-26 में प्रधानमंत्री ने इसका परिचय कराया था। पिछले महीने, इस मिशन को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेज की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर इसे लॉन्च किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि कुल मिलाकर इस आंदोलन का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को लोकतांत्रिक बनाना है जिसमें हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकता है। सामाजिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर, खपत और उत्पादन के पैटर्न में बदलाव को ध्यान में रखते हुए, 'लाइफ' से उम्मीद है कि वो दुनिया भर में बड़े पैमाने पर पर्यावरण के लिहाज से टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा। जी-20 की अध्यक्षता में भारत को अपने सामंजस्यपूर्ण दर्शन और प्राचीन सभ्यता संबंधी उन परंपराओं को दिखाने का मौका मिलेगा, जिन्होंने पीढ़ियों-पीढ़ियों से पृथ्वी के साथ अपने समग्र संबंध को कायम रखा है। टिकाऊ प्रथाओं का समृद्ध इतिहास भारत को एक ऐसे विशिष्ट स्थान पर रखता है जहां वो जलवायु और विकास एजेंडे को एकीकृत करने के बारे में बात कर सके।

डिजिटल मोर्चे की बात करें, तो भारत मिसाल कायम करते हुए नेतृत्व करने को तैयार है। इसकी डिजिटल कामयाबी की कहानी खुद-ब-खुद बोलती है। टेक्नोलॉजी प्रेरित समाधानों के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में उसका बुनियादी भरोसा, कई प्रमुख क्षेत्रों पर ज्यादा बड़ा ध्यान दिला सकता है। ये प्रमुख क्षेत्र हैं - पब्लिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन और कृषि से लेकर शिक्षा तक टेक्नोलॉजी युक्त विकास। भारत एक ऐसा देश है, जहां रियल टाइम डिजिटल लेनदेनों की दुनिया में सबसे बड़ी संख्या (2022 तक 48 बिलियन) है, और जो सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आइडी सिस्टम (आधार) का घर है। वो डिजिटल वित्तीय समावेशन, डिजिटल पहचान और सहमति आधारित ढांचों के इर्द-गिर्द बातचीत को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थिति में है। इसके अलावा, भारत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी नतीजे देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनमें महिला सशक्तिकरण, 2030 एसडीजी की दिशा में तेजी से प्रगति, कई क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास, हरित हाइड्रोजन, आपदा जोखिम में कमी, खाद्य सुरक्षा और पोषण को बढ़ाना, और बहुपक्षीय सुधार आदि शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि ऋण संकट भारत की जी-20 मुद्दों की सूची में शुमार होगा, ऐसे में ये स्पष्ट है कि ये मुल्क ग्लोबल साउथ के हितों के लिए एक प्रभावी झरोखा बनने को तैयार है और वो विकसित दुनिया की अलग-थलग चिंताओं को व्यापक एजेंडे पर हावी होने नहीं देगा।

इस क्षेत्र और दुनिया भर में भारत की एक मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसके साथ भारत के पास दुनिया के लिए एक ज्यादा समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की मध्यस्थता करने हेतु अपने भारी राजनयिक रसूख का लाभ उठाने का अवसर है। साथ में उम्मीद है कि 'वन अर्थ. वन फैमिली. वन फ्यूचर' की अपनी थीम और लोगो के साथ भारत जी-20 की अध्यक्षता से एक विलक्षण, शक्तिशाली संदेश देगा। वो ये कि - अब हम सभी के लिए वक्त आ चुका है कि हम कदम उठाएं और इस साझे ग्रह की जिम्मेदारी लें।

**(लेखक : भारत के जी-20 शेरपा हैं। वे पूर्व में नीति आयोग के सीइओ रहे हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास नें जुगसलाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास नें जुगसलाई निमार्णाधीन ओवर ब्रिज का जायजा लिया। मंगलवार को भाजपा जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उनके साथ जिलाध्यक्ष गुंजन यादव,जिला महामंत्री अनिल मोदी व अन्य शामिल रहे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोगो नें उन्हें ओवर ब्रिज से संबंधित अनियमितताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कार्य धीमी गति से चल रही है। ब्रिज में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं कि जा रही है। श्री दास नें कहा जुगसलाई शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है। इस स्थान पर ओवरब्रिज जुगसलाई वासियों की दशकों पुरानी मांग है।जुगसलाई वासियों के दर्द को समझते हुए पूर्व की भाजपा सरकार में मैंने ही ओवरब्रिज का शिलान्यास किया था। उन्होनें कहा वे इसके निर्माण में तेजी लाने व ओवरब्रिज में स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधा के संबंध में उच्चाधिकारियों से बात करेंगे।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुंजन यादव, अनिल मोदी,विमल बैठा, हेमेंद्र जैन अनमोल शर्मा, प्रकाश जोशी, चंद्रशेखर, सत्यनारायण अग्रवाल, अरविंदर कौर, लिप्पु शर्मा, आलोक वाजपेयी, रंजीत उपाध्याय, प्रकाश अग्रवाल, गणेश रविदास, शेखर शर्मा, नितिन झा, तरविंदर भाटिया, पिंटू सैनी, विवेक सिंह, शिव शर्मा, ओमप्रकाश पाठक, विष्णु सोनकर, विजय शर्मा, बिमल केवलका, सोनू टिलावत, प्रियंका सिंह,पंकज अग्रवाल, इंदर तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त नहीं

**जसीडीह (आजाद सिपाही)।** जसीडीह-झाझा रेलखंड के बीच तुलसीटांड हॉल्ट के समीप रेलवे ट्रेक से एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव को पुलिस ने बरामद किया, जिसे आवश्यक कार्रवाई करते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह की-मैन रेलवे ट्रेक की जांच-पड़ताल करने के क्रम में अप और डाउन लाइन के बीच पोल संख्या 324 /16-18 के बीच एक शव देखा गया। घटना की जानकारी स्टेशन प्रबंधक को दी गई। घटना को लेकर प्रबंधक ने इसकी सूचना आरपीएफ को दी। सूचना पर आरपीएफ ने जांच-पड़ताल कर जसीडीह थाना को सूचना दी। सूचना मिलने पर एएसआइ एनाउल कुजूर, जनार्दन सिंह और आरपीएफ के एएसआई सुनील कुमार पाठक ने मौके पर पहुंचकर कर शव को कब्जे में ले लिया।

# गुरु नानक ने प्रेम, करुणा और सद्भाव का जो मार्ग दिखाया, वह सदैव मानवता के लिए प्रेरणा: काले

**आजाद सिपाही संवददाता**

**जमशेदपुर।** नगर कीर्तन में शामिल हुए अमरप्रीत सिंह काले गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर मंगलवार को नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले नगर कीर्तन में शामिल रहे। पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी के 553वें 'प्रकाश पर्व' के शुभ अवसर पर सभी को बधाईयां। श्री गुरु नानक देव जी ने प्रेम, करुणा व सद्भाव का जो मार्ग दिखाया है वह सदैव मानवता के लिए प्रेरणा बनकर संसार के कल्याण का पथ आलोकित करता रहेगा। गुरु जी के विचार हमें दया, करुणा, सेवा और बंधुत्व को आत्मसात कर मानव सेवा और कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं।



## रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्त संग्रह

# रक्तदाता ए आलम ने पांचवीं बार एसडीपी दान कर पूरा किया अपना 25वां रक्तदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अगर आप किसी का जीवन बचाने में मदद करते हैं तो आप पूरी कायनात को बचाने जैसा कार्य करते हैं, रक्तदान में भी यही भावना छुपी है, रक्तदान से एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आप उसके परिवार की भी खुशियों को बचाते हैं। इस शहर में लोग रक्तदान के प्रति समर्पित है और रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम ने लोगों को यह प्लेटफार्म दिया है कि वे आसानी से इस कार्य में जुटकर इंसानियत की सेवा कर सकें। उक्त विचार यहां रेड क्रॉस भवन में रेड क्रॉस के पेट्रन एवं एहसिन फाउण्डेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी आशिफ महमूद के पिता स्वर्गीय शफायत हुसैन की याद में एहसिन फाउंडेशन के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर वक्ताओं ने व्यक्त किये। शिविर का उद्घाटन आशिफ महमूद, काजी सउद आलम, मुफ्ती निसात अहमद, रेड क्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, रेड क्रॉस रक्तदान समिति के अध्यक्ष अरुण बांकरेवाल, मुख्तार आलम खान, मतिनुल हक, मो मोइनुद्दीन, फिरोज असलम, शाहीद परवेजन, अजीज हसनैन, एहसिन इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य डॉ अर्चना द्विवेदी, आमना आशिफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 104 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों ने प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में फहमिदा खातुन, जीनत अमरीन, शायन, आफताब आलम, रेड क्रॉस के वाइस पेट्रन दीपक मित्रा, डीके घोष, सरस्वती सरकार, शांता अधिकारी एवं रेड क्रॉस के कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल थे। डॉ निर्जला झा के नेतृत्व में जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार जताया। दूसरी ओरर एसडीपी डोनेशन के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा प्लेटलेटस के जरूरतमंदों को लगातार सहयोग प्रदान कर रही है। इस कार्य में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह लगातार सक्रिय रहकर जरूरतमंदों के लिए एसडीपी की व्यवस्था कर रहे हैं। आज इसी क्रम में रक्तदाता ए आलम ने अपना पांचवा एसडीपी दान कर अपना 25वां रक्तदान पूरा किया। 25 रक्तदान पूरा होने पर जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशासक संजय चौधरी एवं एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## टाटानगर आरपीएप पुलिस को बड़ी सफलता

# दो लाख से अधिक की लॉटरी के साथ दो गिरफ्तार, एक हुआ फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटानगर आरपीएफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. आरपीएफ ने 2 लाख 10 हजार कीमत की 42 हजार एटीएम लॉटरी टिकटों के साथ जमशेदपुर के जुगसलाई के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दो लोगों में जुगसलाई पुरानी बस्ती रोड निवासी अंबिका प्रसाद यादव और जुगसलाई गौरीशंकर रोड निवासी बसीर खान शामिल है। इस गिरोह में शामिल एक और व्यक्ति संदीप वारु उर्फ कानू फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि आरपीएफ की टीम टाटानगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 और पांच पर जांच कर रही थी। इसी बीच एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध पायी गयी। उससे जब पूछताछ किया गया तो उसने अपने आपको जुगसलाई निवासी अंबिका प्रसाद यादव उर्फ बंटी बताया। उसके हाथ में प्लास्टिक था। उससे पूछा गया कि प्लास्टिक में क्या है तो उसने जानकारी नहीं दी। इसके बाद आरपीएफ ने उसकी तलाशी ली, जिसके बाद उसके पास से लॉटरी बरामद किया गया। इसके बाद उसके एक साथी और बसीर खान को आरपीएफ पोस्ट बुलाया गया तो वह आ गया। उसके बाद पुलिस ने उसको धर दबोचा। इसके बाद एक और साथी को बुलाया गया, लेकिन वह नहीं पहुंचा, जिसको पकड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है।



**प्रदर्शन :** पानी के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने किया पीएचडी विभाग कार्यालय का घेराव

# जब तक पानी नहीं मिलता, विभाग को पानी-पानी कर देंगे : रमेश चीनी

> पिछले कई महीनों से जलापूर्ति व्यवस्था चरमरायी हुई है लेकिन अधिकारी एक-दूसरे को निर्देशित कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पानी के हाहाकार को लेकर कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य रमेश कुमार चीनी ने मोर्चा खोल दिया है। गुमला शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था बिलकुल चरमरायी हुई है। जिसे लेकर मंगलवार को रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पीएचईडी कार्यालय में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। बड़ाईक मुहल्ला से नारा लगाते हुए लोग पीएचईडी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पानी नहीं दे सकते हो तो कुर्सी छोड़ दो, पीएचईडी विभाग मुदार्बाद, जिला प्रशासन मुदार्बाद के नारे जबरदस्त तरीके से लगाये गए। रमेश कुमार चीनी ने बुधवार तक जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही कहा कि जब तक पानी नहीं मिलता है, हम पीएचडी विभाग को पानी पानी कर देंगे। साथ ही कहा कि विभाग की लापरवाही और अव्यवस्था आम लोगों को सड़क पर उतरने को मजबूर कर रही है। मौके पर रमेश कुमार ने कहा कि पानी, बिजली व स्वास्थ्य सुविधा आवश्यक सेवा में आती है और यह लोगों का मौलिक अधिकार है लेकिन गुमला शहर में विशेषकर जलापूर्ति की समस्या बनी रहती है। हर तीन दिन में किसी न किसी कारण से जलापूर्ति बाधित रहती है। जिले के अधिकारी हो या पीएचईडी हो या नगर परिषद। इनको जनता की समस्याओं से कुछ लेना-देना नहीं है। पिछले कई महीनों से जलापूर्ति व्यवस्था चरमरायी हुई है लेकिन अधिकारी एक-दूसरे को निर्देशित कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसी स्थिति में जनता की समस्याओं का समाधान कभी नहीं होगा। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, ओम प्रकाश साह, परमेश्वर कुमार, बैजनाथ भगत, अमर कुजूर, कुंदन कुमार, मिथुन कुमार, हेमावती देवी, कलावती देवी, मंजू पाठक, संगीता देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, रूपा कुमारी, नेहा कुमारी, रानी खातुन, बीणा देवी, मालती देवी, ज्योति गलोरिया कुजूर, अरूणा टोप्पो, उषा कुमारी, रूदन देवी, सीता देवी, मुनेश्वरी देवी, संतोषी देवी, अंजु देवी, राजू पेंटर, सुमन देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, निशा देवी आदि उपस्थित थे।

## हवन व दीक्षा संस्कार के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ मंगलवार को संपन्न हो गया। इस 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2022-23 के अंतिम दिन शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के द्वारा मंत्रोचार के साथ प्रातः 8 बजे से 24 हवन कुंडो में भक्तों को पूजन एवं हवन कराया गया। महायज्ञ के अंतिम दिन दीक्षा संस्कार-हेमा देवी, ममता सोनी, उमा देवी, मधु देवी, गीता रानी देवी, खुशबू साहू, अनीमा देवी, रूपा जयसवाल, निर्मला देवी, मंजू कुमारी, शारदा देवी, सीमा देवी, सविता देवी, राजीव कुमार, शोभा देवी, ममता जयसवाल, बालमति देवी, निक्की कुमारी, निधि सिंह, सुलेखा देवी, सीमा देवी एवं मीना देवी का कराया गया। यज्ञ के पश्चात आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। अंतिम में ब्रह्मदेव जी के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया व शांतिकुंज हरिद्वार से आए आचार्यों टोली नायक-राजकुमार भृगु, सहटोली नायक- रामशंकर सिंह, गायक- सुनील बंशीधर,तबलावादक- प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम को विदाई दी गई। महायज्ञ के सफल संचालन के लिए ललिता गुप्ता, ओम प्रकाश पांडे, लक्ष्मी विश्वकर्मा, किशुन सिंह, बलदेव प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार दास, गीता देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केडीएन सिंह, सरस्वती देवी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी, परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व दिनेश जी, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, विनय कुमार गुप्ता, तनु कुमारी, किशुन सिंह, ललिता देवी, मुद्रिका सिंह, दामोदर कसेरा, अमित कुमार, खुशी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, सृष्टि कुमारी, परी कुमारी, अंतरा कुमारी, रानी कुमारी, दिनेश गुप्ता, प्राची कुमारी, राधा देवी, रेणु देवी, चांदनी सिंह, पीकू केसरी, पूजा केसरी, नीरज कुमार साहू, उषा पांडे, उर्मिला देवी, दिनेश्वर प्रसाद राय, प्रज्ञा कुमारी, पंचू जी इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## जांच के लिए पहुंची टीम से ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क की गुणवत्ता में सुधार की मांग की



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी के नावाडीह चौक से केराकोना छत्तीसगढ़ की सीमा तक बनी सड़क को लेकर बेल टोली के ग्रामीण आक्रोशित हो उठे हैं और गोलबंद होकर आंदोलन करने की बात कही है। मुहल्ले के लोगों का कहना है कि डुमरी बाजार टांड़ से लेकर बेल टोली जिलींगटोली बस्ती तक करीब 850 मीटर पीसीसी सड़क की गुणवत्ता में सुधार की मांग मंगलवार को जांच पर आयी टीम के समक्ष रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क बनाने में पुराने स्टॉक की सीमेंट का प्रयोग किया गया और रेत की जगह पत्थर चूर्ण डस्ट का प्रयोग किया गया है। इसके कारण लगातार वाहनों के आवागमन के साथ डस्ट उड़ रहा है। इसके अलावा जहां-तहां पीसीसी सडक क्रेक कर गयी है। लगातार डस्ट उड़ने से बीमारी की आशंका बढ़ गयी है। बेल टोली के लोगों ने मांग की है कि सड़क में सुधार हो व लोगों की परेशानी दूर हो। सड़क का काम विनोद जैन जशपुर द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन की बात कही है। समस्या को लेकर आरसीडी और उपायुक्त से भी शिकायत की जाएगी।

## झारखंड रत्न से सम्मानित दो विभूतियों का गुमला आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोक सेवा समिति के तत्वावधान में दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में गुमला के दो लोगों को झारखंड रत्न सम्मान से नवाजा गया। बेहतर खेल सेवा और खेल समर्पण के लिए खेल के क्षेत्र में सैयद जुन्नू रैन व लोक कला एवं संस्कृति के लिए शंकर नायक को इस सम्मान से सम्मानित किया गया। दिल्ली में दिए गए इस सम्मान की चर्चा पिछले कई दिनों से गुमला वासियों की जुबान पर थी और लोग दूरभाष के माध्यम से दोनों सम्मानित व्यक्तियों को बधाई दे रहे थे। मंगलवार की संध्या लगभग चार बजे जैसे ही दोनों व्यक्ति गुमला पहुंचे संत इग्नासियुस हाई स्कूल के समीप गुमला के लोगों ने उनका अभिनंदन किया। उनके चाहने वाले खिलाड़ियों का हुजूम उन्हें गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार कर नगर भ्रमण कराया। नगर भ्रमण के पश्चात स्थानीय टावर चौक में उनके चाहने वालों ने पटाखा फोड़कर तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया। स्थानीय लोगों ने भी माला पहना कर दोनों विभूतियों का अभिनंदन किया। मौके पर हाफिजुर रहमान, शहजाद अनवर, एजाज अहमद, डॉ ई एच खान, विकास कुमार साहू, नेलशन भगत, रवि गुप्ता, नीरज महतो, अनिल कुमार, प्रवीण गोप, मो सद्दाम, बबलू, मो तौफीक, ‘ँ१ आब्दीन, प्रशांत, सागर उरांव विक्रम राज साहित काफी संखया में लोग मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर चावल चंडी में मेला का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को विशनपुर नेतरहाट पर अवस्थित दर्शनीय स्थल चावल चंडी में मेला का आयोजन किया गया। वहीं पूरी आस्था के साथ माता चावल चंडी की पूजा-अर्चना की गई। ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, गणेश महतो, समिति अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, सचिव केदार साहू, रामजतन साहू, भिखारी भगत, चंपा भगत, गणेश महतो ने संयुक्त रूप से किया। गायक महावीर साहू, मीना देवी सहित टीम में शामिल अन्य कलाकारों ने स्थानीय सांस्कृतिक विशेषताओं पर आधारित कार्यक्रम पेश कर लोगों का मनोरंजन किया। मौके पर विलास साहू गुलाब साहू रवि साहू संतोष साहू मनोज भगत दामोदर साहू बबलू साहू सहित समिति के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पारा शिक्षकों ने सरकारी शिक्षक के पद पर समायोजन करने की मांग को लेकर दिया धरना



### मौके पर ये उपस्थित थे

जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार, जिला सचिव नन्द किशोर प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, राज्य कौर कमिटी सदस्य अरविंद कुमार, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष पांडेय, सचिव गजेंद्र गिरी, बालूमाथ कोषाध्यक्ष लंदन कुमार, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार यादव, सचिव भीम प्रजापति, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, जमेदार सिंह, शिनोद यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष संजित प्रसाद, सचिव अमोद यादव, बरवाडीह बलराम यादव, गारू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कश्यप, जिला संरक्षक निर्मल यादव, जिला संयोजक प्रमोद यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिले के टेट पास सहायक अध्यापक पारा शिक्षकों ने वेतन मान देते एवं सरकारी शिक्षक के पद पर सीधी समायोजन करने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय के समीप नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार चंद्र की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कुमार चंद्र ने कहा कि राज्य के प्रारंभिक सरकारी स्कूलों में कार्यरत टेट परीक्षा में सफल सहायक अध्यापक पारा टीचर 20 वर्षो के कार्यनुभव के साथ साथ एनसीटीई और एनइपी के सभी मानकों को पूर्ण करते हुये सरकारी शिक्षक बनने की सम्पूर्ण अहर्ता रखते हैं। राज्य सरकार के महाधिवक्ता ने भी पूर्व में सरकारी शिक्षक के पदों पर सीधी समायोजन को लेकर लिखित सहमति जतायी है। हेमन्त सोरेन की सरकार ने भी चुनाव से पूर्व अपने सभाओं में। घोषणा पत्र में टेट परीक्षा पास सफल सहायक अध्यापकों को वेतनमान देते हुए समायोजित करने का वादा किया था। पर समायोजित करने के पहले ही राज्य सरकार सहायक आचार्य की नियुक्ति का विज्ञापन जारी करने की तैयारी कर रही है। जिसका टेट पास सफल सहायक अध्यापक संघ जोरदार विरोध करती है। शिक्षा मंत्री से टेट पास सहायक अध्यापक को सरकारी शिक्षक के पद पर सीधा समायोजन करने की मांग करती है।

अगर सरकार हमारी मांग पर विचार नहीं करती है तो आगामी 15 नवंबर को उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत पारा शिक्षकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

## क्रिकेट के क्षेत्र में एलडीसीए कर रहा है बेहतर कार्य : शेखर कुमार



**लातेहार।** स्कूली क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम में मंगलवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायती राज पदाधिकारी बंधन लौंग, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष, सचिव समेत सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों के मेहनत से लातेहार में सालो भर क्रिकेट देखने को मिलता है। वही जिला पंचायती राज पदाधिकारी बंधन लौंग ने कहा कि स्कूल से ही बेहतर खिलाड़ी निकलते है जरूरत है उन्हे सिखाने एवं संवारने की तो इसके लिए क्रिकेट संघ कार्य कर रही है। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया और बताया कि इस लीग प्रतियोगिता में जिला भर से सात स्कूल तथा क्लब अपने खेल का जौहर दिखाएंगे इस लीग का फाइनल मैच 21 नवंबर को खेला जायेगा। प्रति दिन दो मैच खेला जायेगा। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, बिष्णु देव प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार द्विवेदी, कमेटी सदस्य शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव, संतोष पांडेय, जितेंद्र कुमार समेत सैकड़ों खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने नदियों में लगायी आस्था की डुबकी



**लातेहार।** स्नान व दान के लिए विशेष महत्व रखने वाले कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर लातेहार में हजारों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों में स्नान किया। श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ गरीब, असहाय व भिक्षुकों को अन्न, प्रसाद, दक्षिणा व वस्त्रादि का दान किया। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान का एक विशेष महत्व है। इस दिन दान करना स्वर्ग का रास्ता खोलने के बराबर माना जाता है। ऐसा कहा जाता है इस दिन भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर राक्षस का अंत किया था। इसी खुशी में देवताओं ने दीप जलाकर खुशियां मनायी थी। कार्तिक माह की ठंड में सुबह-सुबह श्रद्धालु नदी में आस्था की डुबकी लगाते दिखे।

## अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोयल नदी जोगना मेढो पथ से थाना प्रभारी द्वारा एक ट्रैक्टर को अवैध बालू उत्खनन कर परिचालन करते हुए जप्त किया गया। और अग्रेतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया है। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत ने शस्त्र बल के सहयोग से अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर को जब्त कर ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। उक्त छापेमारी अभियान लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेश पर किया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव पर प्रशासनिक कार्रवाई किया जा रहा है। नवम्बर माह में अभी तक चार ट्रैक्टर जप्त कर विभागीय कारवाई किया गया है। जिससे बालू माफियाओं में भय का माहौल है। इस तरह से अवैध उत्खनन पर कारवाई से कहीं ना कहीं अवैध खनन पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है। कहा थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। आगे भी इसका कारवाई लगातार जारी रहेगा जिससे अवैध उत्खनन पर रोक लगेगा।

## जल नल योजना में संवेदक द्वारा किया जा रहा घटिया निर्माण कार्य : लक्ष्मण कुशवाहा



**बालूमाथ।** भगेया ग्राम में जल नल योजन के तहत हो रहे निर्माण में संवेदक के द्वारा घटिया निर्माण करने का वहा के ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए मामले की जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा को दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीणों के साथ कार्य का निरीक्षण करने पाया की संवेदक के घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। ऊंचाई पर कार्य कर रहे मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट लगाए बड़ी घटना को आमंत्रण दे रहे है। निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने घटिया कार्य का विरोध करते विभाग से उचित जांच एवं संवेदक द्वारा अच्छी गुणवत्ता निर्माण कराने की मांग करते है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा भगिया मुखिया रोहन देवी ग्राम प्रधान धनराज ओरांव नरेश यादव चरवा उरांव विकाश यादव पिंटू यादव अखिलेश यादव मंटू मुंडा अर्जुन कुमार विजय मुंडा कुसुन मुंडा जगे उरांव मनोज गंजू महेश साहू राजकिशन गंजू बालेश्वर यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## रांची से शिर्डी साईं के लिए पैदल जाने वाले युवकों का चंदवा में स्वागत किया गया



**चंदवा।** चंदवा रांची के छह युवको ने रांची शहर से पदयात्रा कर शिर्डी साईं बाबा के लिए रवाना हुए वही युवकों को जगह-जगह पर समाजसेवियों के द्वारा साईं दरबार में जाने वाले युवकों को जूस पिलाकर और रहने का व्यवस्था देकर स्थानीय लोगों के द्वारा प्रोत्साहन किया जा रहा है। चंदवा आने पर जोरदार माला तथा जूस पिला कर स्वागत किया गया। साईं मनीष कुमार अग्रवाल ने बतलाया कि बाबा का बुलावा आया है। तो हम लोग चल दिये है। रांची से शिर्डी की दूरी 1250 किलोमीटर बताई जा रही है वही जगह-जगह पर युवकों को स्वागत भी किया जा रहा है। निरंजन लाल अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल निर्मल भारती, विश्वनाथ अग्रवाल शंकर अग्रवाल धर्मेंद्र भारती मनीष अग्रवाल समेत कई लोगो ने बाबा के दरबार जाने पर स्वागत किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बरवाडीह।** अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सूरीन के द्वारा बरवाडीह बीडीओ व प्रखंड, अंचल समेत अन्य विभागों के कर्मियों साथ मंगलवार को जूम ऐप के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों सेवक, प्रभारी पंचायत सेवक, अंचल निरीक्षक, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी शामिल हुए इसके साथ ही सभी कंप्यूटर ऑपरेटर भी इस कार्यक्रम से जुड़े थे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा फॉर्म प्राप्ति की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। वही सीडीपीओ बरवाडीह और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को स्पष्टीकरण निर्गत करने का निर्देश बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। वही प्रखंडकर्मियों को निर्देश कि निर्धारित संख्या में सभी छात्राओं को सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलवाने में परस्पर तालमेल से काम करें, साथ ही उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि यदि इस योजना से एक भी छात्रा वंचित रह गयी तो जवाबदेही तय की जायेगी। वही बरवाडीह प्रखंड में बिजली विभाग की कार्यशैली से भी अनुमंडल पदाधिकारी नाखुश दिखे और उन्हें प्राप्त आवेदनों पर संजीदगी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पश्चिमी रेंज में हाथी की करंट लगने से मौत



**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पश्चिमी रेंज में एक तीस वर्षीय नर हाथी की करंट लगने से मौत हो गयी है। वन विभाग की टीम ने सोमवार को हाथी का शव बरवाडीह प्रखंड के हरातू पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत लाभर गांव के निकट धान के खेत से बरामद किया। वन विभाग के डीएफओ मुकेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 ग्रामीणों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार हाथी सूअर फंसाने के लिए लगाए गए बिजली के तार के संपर्क में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मौके से वन विभाग की टीम ने कवर हटाया गया 11 हजार केवी का तार भी बरामद किया।

**प्रेस कांफ्रेंस :** शहर के इस्लामपुर चौक में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आज

# गुमला में बहेगी गंगा जमुनी तहजीब की काव्य धारा

> कार्यक्रम में विदेशों से भी कई नामचीन कवि शायर की उपस्थिति होगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पैगाम ए अदब के बैनर तले बुधवार को गुमला जिला मुख्यालय के इस्लामपुर में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम संध्या सात बजे से शुरू किया जायेगा। कार्यक्रम में विदेशों से भी कई नामचीन कवि शायर की उपस्थिति होगी। इस कार्यक्रम में खाड़ी देश बहरीन से अनवर कमाल अनवर व पड़ोसी देश नेपाल से फैयाज अहमद फैजी शामिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त बिहार के पटना से श्वेता गजल, गया से प्रवीण परिमल और भागलपुर से जीशान भागलपुरी कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। झारखंड के जमशेदपुर से दिलशाद नजमी और कवयित्री शोभा इनायत किरण भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं रामगढ़ की कवयित्री ममता मनीष सिन्हा भी कार्यक्रम में अपने काव्य की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन गुमला के कवि आफताब अंजुम करेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय करेंगे। बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव और विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन व जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी कार्यक्रम में शरीक होंगे। पैगाम ए अदब ने इस कार्यक्रम में गुमला वासियों से शरीक होने की अपील की है।

**क्षेत्र में भाजपा की जनाक्रोश रैली 10 नवंबर से**

# ईंट का जवाब पत्थर से भी देना जानती है भाजपा : ओमप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा लोहरदगा प्रदेश द्वारा निर्धारित 7 से 13 नवम्बर जनआक्रोश रैली व प्रदर्शन कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी ने नॉवेल्टी होटल, पॉवरगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि लोहरदगा जिला के भी सभी प्रखंडों में अलग अलग तिथि को कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। 10 नवंबर भंडरा व कैरो प्रखंड, 11 नवंबर किस्को व सदर प्रखंड, 12 नवम्बर सेन्हा, कुडु, पेशरार, प्रखंड व नगरपालिका क्षेत्र में किया जायेगी। जिला स्तरीय 23-11-22 को रैली व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में वर्तमान सरकार जनता की मौलिक सुविधाओं को उपेक्षित करते हुए असुरक्षा, कुप्रबंधन की सौगात दी है। इससे विशेषकर राज्य की जनजाति, अनुसुचित समाज, महिलाएं, बच्चियां जो घर में भी सुरक्षित नहीं हैं कहीं पेट्रोल छीड़कर जलाया जा रहा है। कहीं सर से छत छीना जा रहा है। परंतु राज्य को अपनी कुप्रबंधन की गलती को स्वीकार करने के बजाए अटपटे बयान और भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाने का कार्य किया जा रहा है। जो लोकतंत्रित व्यवस्था पर प्रहार है। जिससे अराजकताओं के मनोबल को दुगनी हो गयी है, जो लगातार अपने सोंच को अंजाम में बदल रहे हैं। राज्य सरकार मौन हैं। बंधु तिर्की के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के महागठबंधन द्वारा सजाई गयी मंच से भाजपा कार्यकताओं को पीटने के बयान को लेकर कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाली पार्टी है परंतु किसी के द्वारा अमर्यादित ढंग से व्यवहार करने पर ईट का जवाब पत्थर से भी देना जानती है।

# इतिहास मिटने नहीं दिया जायेगा : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कोयल पुल का नाम छोटा नागपुर के गांधी कहे जाने वाले स्वर्गीय पूरन चंद जी के नाम महापौर अरुणा शंकर ने निगम बोर्ड से नामकरण पारित कराते हुए उनके 97 वी जयंती परऱपूरन चंद सेतुऱ कर पिछड़ों के वर्षों पुराने सपने को साकार कर दिया। महापौर ने कहा कि यह पुल का शिलान्यास स्वर्गीय पूरन चंद जी द्वारा किया गया था और उस वक्त माइन्स मिनिस्टर होने के नाते खनन राजस्व से इस पुल का निर्माण कराया था। महापौर ने कहा कि मुझे दुख है कि यह नामकरण जन जन के नेता स्वर्गीय पूरन चंद जी का नाम वर्षों पहले होना चाहिए था लेकिन लगता है यह पुण्य कार्य मेरे हाथों से ही होना लिखा था। आज मैं उस महान हस्ती के नाम कोयल पुल का नामकरण करते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया ने कहा स्वर्गीय पूरन चंद गरीब, शोषित और वंचितों के मसीहा थे। मैं उनका अनुसरण करता हूं। महापौर अरुणा शंकर ने कहा मुझे दुख है कि नगरपालिका के जमींदारों ने निगम के प्रोटोकॉल बोर्ड से स्वर्गीय नर्वदेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह,पूनम सिंह को छोड़कर पहले के सभी निर्वाचित अध्यक्ष जो हमारे समाज के धरोहर थे उनका नाम एक साजिश के तहत प्रोटोकॉल बोर्ड से भी हटा दिया गया है। लेकिन शहर के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा अब कई नाम सामने आ रहे हैं जिसमें स्वर्गीय रामसेवक प्रसाद, स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद, स्वर्गीय गिरजा शरण सिंह, स्वर्गीय हरक चंद जैन एवं अन्य नाम और भी आने की संभावना है। मैं दो-चार दिनों के अंदर समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर साक्ष्य को देखते हुए प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष की प्रतिमा सर्वसम्मति से निगम भवन में लगाऊंगी और बाकी माननीय अध्यक्षों का सिला पट स्वर्णिम अक्षरों में उनके कार्यकाल के साथ लिखवा कर निगम सभागार पर लगवाया जाएगा। महापौर ने कहा कि मुझे दुख है कि पूर्व के एक परिवार ने निगम का लाभ उठाकर पूरा हमीदगंज, बीएन कॉलेज,बैरिया और आधा नदी एग्रीमेंट पर बेच डाला। पर हमारे भाई,बहन जिन्होंने भी जमीन लिया है वे चिंता ना करें मैं उनकी लड़ाई मजबूती से लड़ूंगी और मालिकाना हक दिला कर रहूंगी ताकि उनके बच्चों का स्थानीयता बन सके और निगम की पूरी सुविधा उन्हें मिल सके। कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे ने कहा पूरन चंद के बारे में कम शब्दों में व्याख्या नहीं किया जा सकता वह ऐसे व्यक्तित्व थे जिसे लोग एक नोट एक वोट देते थे। बलराम तिवारी ने कहा पूरन चंद व्यक्ति नहीं विचार थे। इस अवसर पर उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि पूरनचंद गरीबों के मसीहा थे। सभा में ओंकार प्रसाद, शशि भूषण अधिवक्ता, केडी सिंह, अहिल्या गुप्ता, रूपा सिंह ,दुर्गा प्रसाद, लल्लन गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, कृष्णा अग्रवाल, अनवर हुसैन, विनोद सोनी, विक्रांत सिंघानिया, अंकु चंद्रवंशी, संजय भगत, रितेश प्रसाद,आलोक माथुर, रंजीत मिश्रा, सुनील गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूनम सिंह का डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के हमीदगंज,आबादगंज मुहल्ले में पूनम सिंह ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि यह शहर की स्थिति से सभी लोग वाकिफ हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या होल्डिंग टैक्स को लेकर है। अब तक के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में ईमानदारी के साथ प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो यह कहते हैं कि उनकी राज्य में सरकार नहीं है, वह क्या कर सकते हैं। वह 2019 के पहले क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने या कराने के लिए इच्छा शक्ति होना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिनिधि की सोच है, अपना काम बनता, भांड में जाए जनता। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज की साफ सफाई व इसे सुंदर बनाने के साथ होल्डिंग टैक्स से निजात दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज शहर को शहर का रूप देने के लिए उनके पास बड़ा प्लान है। सभी सड़को,नाली,गली को बेहतर करने के साथ साथ आम नागरिकों को पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से समर्थन का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार क्षेत्र के विकास के लिए शुरू से कार्य करता रहा है। गरीबों को बसाने व उन्हे सम्मान देने वाला परिवार कौन है, जनता खुद जानती है।

# जेपीएससी की परीक्षा में पांडू के रोहित ने मारी बाजी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोक सेवा आयोग के संयुक्त सहायक अभियंता (असैनिक/ यांत्रिक) सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में पांडू थाने के रतनाग पंचायत के रबरी गांव निवासी वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव के बड़े पुत्र रोहित रंजन यादव ने सफलता हासिल कर अपने गांव,प्रखंड और जिले का नाम रौशन किया है। रोहित की इस सफलता पर परिवार , गांव, रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों में जश्न का माहौल है। सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। रोहित इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों के साथ गुरुजनों को देना चाहते हैं। जिन्होंने इसके लिए प्रेरित कर इस मुकाम पर पहुंचाया है। रोहित शुरूआती दौर से ही काफी मेधावी और मेहनती रहे हैं। जिसके कारण ही उन्हें लगातार सफलता हाथ लगते रही है। रोहित मेदिनीनगर के एमकेडीएवी से 12 वीं करने के बाद पुणे से बीटेक और एनआईटी पटना से एमटेक कर वर्तमान में जमशेदपुर के आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत थे।

## व्यक्ति नही विचार थे पूरणचंद : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के चैयरमैन, झामुमों नेता, सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने स्वतन्त्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री स्व. पूरनचंद के जन्म दिवस के अवसर पर पचमुहान स्थित उनके प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री पूरनचंद जी एक व्यक्ति नही विचार थे। ऊंचा पद, सरकार में मंत्री होने के बावजूद वे आसानी से सर्वत्र उपलब्ध होते थे। सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति के साथ साधारण व्यक्ति तक उनकी पहुंच होती थी। हम सभी को सदैव उनकी कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# यज्ञ श्रेष्ठतम शुभ कर्म है : विज्ञान देव जी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला शाखा के द्वारा मंगलवार को विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन हुआ। शहर के बीस फूटा पुल चौक स्थित बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में आयोजित महायज्ञ का उद्घाटन संस्थान के संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने अ अंकित श्वेत ध्वजा फहराने के बाद सदगुरू देव के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संत श्री ने अपने संबोधन में यज्ञ की महिमा का बखान किया।उन्होंने कहा कि यज्ञ श्रेष्ठतम शुभ कर्म है। यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है। यज्ञ की अग्नि हमे त्याग भाव में प्रतिष्ठित करती है। अग्नि की ज्वाला सदैव ऊपर की ओर उठती है। अग्नि को बुझा सकते हैं, नीचे झुका नहीं सकते। वैसे ही हमारा जीवन भी उर्ध्वगामी हो तथा श्रेष्ठ, पवित्र और कल्याणकारी पथ पर निरंतर गतिशील रहे। हमारे अंतःकरण में ज्ञान की अग्नि जलती रहे, अंधेरा न हो हमारे अंतःकरण में। शरीर में कर्म,इन्द्रियों में तप और जीवन में श्रेष्ठ विचारों की अग्नि प्रज्ज्वलित रहे तथा अशुभ नष्ट होता रहे। यही संदेश यज्ञ की अग्नि हम सबों को देती है। सदगुरू देव के अनुयायियों ने संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 2101 हवन कुंडो में आहुति दिया और अपने सुखम्य जीवन की कामना किया। यज्ञशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। हवन यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण शुचिता को धारण करते हुए गुंजायमान हो उठा और भक्तिमय माहौल बन गया। हजारों दंपत्तियों ने व्यष्टिगत एवं समष्टिगत लाभ के लिए वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच यज्ञ कुंड में आहुतियों को प्रदान किये। यज्ञ वेदी से निकल रहे धूम्र से यज्ञ स्थल के आस. पास के क्षेत्र का संपूर्ण वातावरण परिशुद्ध होने लगा। यज्ञ के पश्चात संत प्रवर श्री महाराज के दर्शन के लिए अनुयायियों का भीड़ उमड़ पड़ा। 2101 कुंडों से निकलते यज्ञीय धूम्र से सम्पूर्ण वातावरण परिशुद्ध हो दिव्य परिवेश का निर्माण हो उठा। हवन यज्ञ समापन के बाद मानव मन की शांति एवं आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नए जिज्ञासुओं को दिया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक जिज्ञासुओं ने ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा को ग्रहणकर अपने जीवन का आध्यात्मिक मार्ग प्रसस्त किया। हवन यज्ञ से पहले सुबह में योग प्रशिक्षकों के द्वारा आसन प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# शहर के विकास के लिए बेलगाम अश्लीलता और फूहड़ता पर रोक लगाने की पहल हो : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महज कुछ घंटो के कार्यक्रम पर लाखों रुपए फिजलुखर्ची करने से आम जनमानस को क्या लाभ मिला क्या हासिल हुआ। तीन महीने से जिस कार्यक्रम पलामू स्टार नाइट शो का जोर शोर से प्रचार प्रसार हो रहा था,जिस कार्यक्रम को देखने की जिज्ञासा लोगों के मन में बढ़ चढ़ कर थी, लोगों को बेसब्री से इंतजार था वो घड़ी आ तो गई ,लेकिन दुखद परिणाम के साथ। डाल्टनगंज पुलिस लाइन स्टेडियम में फेमस भोजपुरी सुपर स्टार अभिनेत्री सह सिंगर अक्षरा सिंह एवं सिंगर अनुपमा यादव नाइट कार्यक्रम के आयोजकों को कार्यक्रम के दौरान नाकों चने चबवाने वाली बेकाबू बदमिजाज अनियंत्रित भीड़ द्वारा उतावलापन के शिकार होने के साथ ही लालायित होने के कारण कार्यक्रम का सत्यानाश करके मटियामेट करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ा गया। स्टेज के सामने शहर के नामचीन बड़ी हस्तियां विधायक, पूर्व सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर, वरिष्ठ समाजसेवी, प्रसिद्ध प्रतिष्ठित व्यवसायीगण, विभिन्न दलों के बड़े नेतागण, शहर की प्रतिष्ठित महिलाएं जो बतौर अतिथि,विशिष्ट अतिथि बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने आए थे। उनके ही आगे भारी भीड़ जमा होकर हंगामा करने के साथ ही अतिथियों के पीछे वाली कुर्सी और राउंड टेबल पर चढ़कर कार्यक्रम देखने को आतुर दर्शको द्वारा भी भारी हो हंगामा करने के कारण दर्शक दीर्घा में बैठे अतिथियों को स्टेज पर हो रहे कार्यक्रम नजर नही आ पाने के कारण एवं आयोजकों द्वारा अनियंत्रित बेकाबू भीड़ को नियंत्रित नही कर पाने के कारण बिगड़े हालात को देख कर अनहोनी ( भगदड़ मचने ) की आशंका को भांपते हुए बीच कार्यक्रम में ही अतिथियों समेत शहर के गणमान्य हस्तियों ने बहुत ही मायूसी के साथ निराश होकर अपना इज्जत, मान सम्मान बचाते हुए कार्यक्रम स्थल से रवाना होना मुनासिब समझा। पहला सवाल यह है कि इस हालात का जिम्मेदार कसूरवार कौन है। दूसरा सवाल यह है कि कुछ घंटो के इस तरह के आयोजन पर लाखों रुपए खर्च करके बर्बाद करने की आवश्यकता क्यों। समाजसेवी धीरज मिश्रा ने कहा कि मेरे ख्याल से इस तरह के रंगारंग अश्लील और फूहड़ता से भरे गानों एवं डांस कार्यक्रम के आयोजन पर लाखों रुपए फिजूलखर्ची करने के बजाय असहाय लाचार दीन दुखियों, जरूरतमंद लोगों को सहयोग करके सामाजिक कार्यों में खर्च किया जाय तो ज्यादा बढ़िया बात होती और शहर के विकास में एक सकारात्मक संदेश जाता ।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर शहर के 8 बूथों का किया गया स्थान परिवर्तन

**मतदाता सूची विखंडन के उपरांत हुसैनाबाद में 12077 पुरुष व 11005 महिला मतदाता**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। मतदाताओं के सुविधा अनुसार हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के 8 बूथों का स्थान परिवर्तन किया गया है।जिसमे वार्ड-8 के विवाह मंडप बूथ को कन्या मध्य बिद्यालय में शिफ्ट किया गया है।वार्ड-10 के चलंत मतदान केंद्र को बक्शी उच्च बिद्यालय,वार्ड-6 के संत जोसेफ स्कूल केंद्र को सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर,वार्ड-1 सिचाई विभाग कार्यालय मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य बिद्यालय सिचाई कालोनी,वार्ड-12 दुर्गा बाड़ी के समीप चलंत मतदान केंद्र को हरिहर चौक के समीप वार्ड भवन में,वार्ड-3 अनुमंडल परिसर स्थित मतदान केंद्र को राम बीघा बिद्यालय में व वार्ड-16 के मोहम्दाबाद आंगनवाड़ी-2 मतदान केंद्र को परिवर्तित कर प्राथमिक बिद्यालय किया गया है।इस संबंध में अंचलाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि मतदाताओं को मतदान करने में किसी प्रकार का असुविधा का सामना नही करना पड़े इसे लेकर उक्त बूथों को परिवर्तित करने के लिए जिला निवार्ची पदाधिकारी को भेजा गया है। मतदाता सूची विखंडन और अंतिम प्रकाशन के उपरांत हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के 12077 पुरुष व 11005 महिला मतदाता 29 बूथों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# पुलिस की जांच पर खड़े सवाल : हत्या के आरोप में आठ लोगों को जेल, छह साल बाद जिंदा निकला मृत व्यक्ति



**पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने जिसकी हत्या के जुर्म में आठ लोगों को जेल भेज दिया था, वह व्यक्ति जिंदा है। पलामू में हैरान करनेवाला मामला सामने आया है। अब इस मामले में पुलिस की जांच पर सवाल खड़े हो गये हैं। हत्या के आरोप में पत्नी को जेल हुई, तो पिता सदमे से चल बसे।

## अचानक गायब हो गया राम मिलन

पत्नी के साथ वह हमेशा मारपीट करता था। पत्नी ने वर्ष 2016 में पति राम मिलन के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया। केस होने के बाद प्लानिंग के तहत अचानक राम मिलन गायब हो गया। इसके बाद राम मिलन के भाई दिलीप चौधरी ने ससुराल पक्ष पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगाते हुए सतबरवा थाना में एफआइआर दर्ज करायी। पुलिस ने राम मिलन की पत्नी सरिता देवी, ससुर राधा चौधरी, सास कलावती देवी, साली, चाचा ससुर और गांव के कुदरत अंसारी, दानिश अंसारी और ललन मिस्त्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अब भी जेल में है दानिश अंसारी

दानिश अंसारी इस फर्जी हत्या के केस में अभी भी जेल में बंद है। जेल जाने का सदमा लडकी के पिता राधा चौधरी बर्दाश्त नहीं कर सके। कुछ समय बाद ही उनकी मौत हो गयी। लड़की पक्ष वालों को पता चला कि राम मिलन जिंदा है और अपने घर आता जाता रहता है। इसकी जानकारी पुलिस को दी, तब छतरपुर इलाके से राम मिलन की गिरफ्तारी हुई।

## पुलिस ने आठ लोगों को भेजा था जेल

ससुराल वालों को फंसाने के लिए नावा बाजार के रहनेवाले राम मिलन चौधरी उर्फ चुनिया ने घरवालों के साथ मिल कर वर्ष 2016 में अपने अपहरण और हत्या की साजिश रची। इस साजिश की गिरफ्त में पुलिस भी आ गयी। पुलिस ने जांच कर आठ निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया।

## पुलिस ने की गिरफ्तारी

छह साल बाद पुलिस को पता लगा कि राम मिलन जिंदा है। तब राम मिलन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। छतरपुर पुलिस की मदद से सतबरवा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वर्ष 2009 में राम मिलन की शादी सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव निवासी राधा चौधरी की बेटी सरिता के साथ हुई थी।

# हर व्यक्ति तक पहुंचना है यात्रा का लक्ष्य : मनोज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** घर घर यात्रा का एकमात्र लक्ष्य है कि नगर निगम के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचा जाए और इसकी शुरूआत नगर निगम के संगम तट पर बसे पवित्र व पावन भूमि सिंगरा से की गई है। उक्त बातें नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। निगम के प्रबल दावेदार माने जा रहे मनोज सिंह मंगलवार को घर घर यात्रा शुभारंभ के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम के वैसे क्षेत्रों में जो नए जूडे. थे उन क्षेत्रों के निवासियों को कभी अहसास ही नहीं हुआ की वो भी निगम के वासी हो गए हैं। निगम के विकास की किरण इन क्षेत्रों में आज तक क्यों नहीं पहूँची यह एक बड़ा सवाल है। निगम के सबसे महत्वपूर्ण छठ घाट अमानत का छठ घाट है जहाँ इस छठ घाट के सौंदर्यीकरण पर निगम द्वारा आज तक कोई पहल नहीं की गई। श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव में अगर उन्हें जनमत मिला तो वो अमानत छठ घाट को ऐतिहासिक छठ घाट बनाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज सिंगरा की सबसे बड़ी समस्या यह है कि खेती योग्य जमीन का भी निगम में टैक्स लगता है वो अगर चुनाव जीते तो खेती योग्य जमीन को टैक्स फ्री करने की पहल करेंगे।घर घर यात्रा कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व सिंगरा के सैकड़ों लोगों ने मनोज सिंह का भव्य स्वागत किया और फूल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। आज की यात्रा में प्रेम सिंह, विजय कुमार सिंह, प्रयाग राम, मेश्वर राम, मुटूर राम, अवधेश पाठक, गंगा साव,जगन्नाथ राम, साकेत शुक्ला, नीरज सिंह, ददन सिंह, नवल किशोर सिंह, गणेश सिंह, आनंद सिंह, हरेन्द्र सिंह, महेश्वर सिंह, उमेश सिंह व बलराम पाठक,अमित शुक्ल, विजय शुक्ला, अमित पासवान, शशी शुक्ला, अमित विश्वकर्मा, देवान शुक्ला,शिवम दूबे, अंकुर शुक्ला, बुद्धि पासवान, कमल शुक्ला, सीपी शुक्ला, आदेश शुक्ला, विजय शुक्ला रंजित पासवान, अविनाश शुक्ला, सहित व पप्पू शुक्ला सहित काफी संख्या में वार्ड नंबर एक के निवासी शामिल थे।

## स्पोर्ट्स




आइसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए तीन दिग्गज खिलाड़ी

# हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा- कुछ ऐसे क्षेत्र, जिनमें सुधार की जरूरत




**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें टीम आगामी विश्वकप से पहले सुधार कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमें कार्ड लेने से बचने होगा। एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो-लीग में स्पेन के खिलाफ जीत के बाद हरमनप्रीत ने कहा कि टीम कार्ड मिलने से बच सकती है। उन्होंने कहा कि अगर हम मैदान पर एक खिलाड़ी भी खो देते हैं, तो हर किसी को दोगुना भागना पड़ता है। हॉकी इंडिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि एक खिलाड़ी के कम होने पर हम अपनी टीम का संयोजन कैसे तैयार करें, इसको लेकर अभ्यास करते हैं। इसलिए कार्ड मिलने के बावजूद, हम अच्छी तरह से बचाव करने में सक्षम थे लेकिन फिर भी हमारे लिए कार्ड लेने से बचना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने आगे कहा कि त्रुटियों के बावजूद टीम इस तथ्य से विश्वास हासिल कर सकती है कि वह मजबूत विपक्ष से घबराए नहीं बल्कि अपना संयम बनाए रखने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा है कि हम इन मैचों में गलतियां कर रहे हैं, जिससे हम विश्व कप की ओर बढ़ते हुए सीख सकते हैं और सुधार कर सकते हैं। हरमनप्रीत का मानना है कि एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022-23 में स्पेन का सामना करने से भारतीय टीम को विपक्ष का विश्लेषण करने में मदद मिली है। उल्लेखनीय है कि एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप 2023 की शुरूआत अगले साल 13 जनवरी को होगी। भारतीय टीम पूल 'डी' में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है। भारत 13 जनवरी को राउरकेला में स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

# सुबह की फ्लाइट छूटने के बाद खेल निदेशालय ने तत्काल टिकट बुक कर क्रिकेटर को प्रतियोगिता में भाग लेने बेंगलुरु भेजा



**रांची (आजाद सिपाही)।** ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप हेतु टीम में चयनित सुजीत मुंडा को खेल निदेशालय द्वारा एयर टिकट बुक कराकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से बेंगलुरु के लिये रवाना किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट पर खेल निदेशालय के पदाधिकारिगण उपस्थित थे।ज्ञात हो कि देर से एयरपोर्ट पहुंचने के कारण सुजीत मुंडा की मंगलवार की सुबह की फ्लाइट छूट गई थी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा क्रिकेटर को खेल किट देने के साथ सरकारी सुविधाएँ देने की भी घोषणा की गई थी।

# आइसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए तीन दिग्गज खिलाड़ी

**दुबइ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को अपनी हॉल ऑफ फेम की लिस्ट में तीन और दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों को शामिल करने की घोषणा की है। आईसीसी ने दो पुरुष और एक महिला खिलाड़ी को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। इसमें पाकिस्तान के दिग्गज स्पिनर अब्दुल कादिर, वेस्टइंडीज दिग्गज बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल और इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व कप्तान चार्लोट एडवर्ड्स के नाम शामिल हैं। इन तीनों को एक मतदान प्रक्रिया के बाद हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इन तीनों को टी-20 विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच सिडनी में होने वाले सेमीफाइनल मैच से पहले सम्मानित किया जाएगा।

## पूर्व सांसद प्रतिनिधि को मातृ शोक, संवेदना प्रकट करनेवालों का लगा तांता



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व सासंद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता अवधेश सिंह की मां रामपरी देवी (85 वर्ष) का निधन मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। उनका अंतिम संस्कार हाजीपुर में किया जायेगा। निधन की खबर सुनकर पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह मुस्लिम कमेटि लोयाबाद के सदर इम्तियाज अहमद, शंकर चौहान, शंकर केशरी, मनोज चौहान, गणेश साव, मनोज मुखिया आदि उनके घर पर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को संत्वना दिये। राम रहीम के नाम से चर्चित कांग्रेस नेता सह मुस्लिम कमेटी के महामंत्री मो असलम मंसूरी और चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## खानकाही कव्वाली में पूरी रात झूमते रहे श्रोता




**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** 'तेरे सामने सर झुकाया है मैंने, तुझे अपना काबा बनाया है मैंने',मुझे तुझ पर बहुत है नाज पिया, मेरे घुंघटा की रखना लाज पिया। जैसे खानकाही कव्वाली पर सारी रात श्रोता झुमते नजर आये। मौका था लोयाबाद में हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा के मजार पर चादर पोशी के बाद खानकाही कव्वाली के आयोजन का। कव्वाल तुफान वारसी और सोनू खान द्वारा बाबा की भक्ति, वतन परस्ती और रुहानियत से जूड़ी एक से बढ़ कर एक कलाम पेश किया गया। कागा सब तन खाइयो चुन-चुन खाइयो मांस, दो नैना मत खाइयो पिया मिलन की आस, उल्टी नदियां ख्वाजा की तेज है इसकी धार जो पार भया सो डूब गया जो डूब गया सो पार, आदि शेर पेश कर खूब वाहवाही लूटी। मौके पर मुस्लिम कमेटी के सदर इम्तियाज अहमद, महामंत्री असलम मंसूरी, गुलाम जिलानी, शाहरुख खान, मुर्तजा अंसारी, नइम उद्दीन, अयूबी जमालउद्दीन, मो. मोइनुद्दीन, शहीद उर्फ गोला, मो. जहांगीर अब्दुल, रउफ अंसारी, मो. आजाद, मो. नौशाद अदि मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर तेलमोचो दामोदर नदी में विधायक ढुल्लू ने स्नान कर सूर्य को दिया अर्घ्य



**महुदा (आजाद सिपाही)।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने तेलमोचो स्थिती दामोदर नदी में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। सुबह 5 बजे से ही लोगों की भीड़ नदी घाट में लगनी शुरू हो गई थी। वहीं इस मौके पर नदी के दोनों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। महिलाओं की संख्या अधिक थी। इस दौरान बाघमारा विधायक ढुलु महतो भी दामोदर नदी पहुंचे तथा स्नान कर पूजा अर्चना किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तेलमोचो स्थित पहाड़ी शिव मंदिर में भक्ति भाव से पूजा अर्चना भी किया। इस दौरान शिव मंदिर के पास भव्य मेला भी लगा हुआ था जिसमें दर्जनों दुकाने भी सजी थी। मंदिर कमेटी के लोग श्रद्धालुओं के सहयोग में लगे थे। बगल में धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग में दोनों के तरफ जाम हटाने के लिए महुदा पुलिस लगी हुई थी। इसके बावजूद भी छोटे छोटे वाहनों से जाम लग जाती थी। श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हुई इसके बावजूद श्रद्धालु खुशी-खुशी दामोदर नदी में स्नान कर अपने अपने घर गये।

## भगवान की नजर में हरिजन और ब्राह्मण दोनों बराबर हैं: आत्मानंद प्रकाश



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्री गंगा गौशाला कतरास करकेंद के प्रांगण में मंगलवार को भागवत कथा के लिए अयोध्या से आये महामंडलेश्वर आत्मानंद प्रकाश, सरस्वती जी ने कहा ग्रहण काल में भागवत सुनना, जाप करना,भजन करना,भजन सुनना, सर्वोत्तम साधन है। भगवान के नजर में हरिजन और ब्राह्मण दोनों बराबर है। प्रभु को पाना है तो जात-पात से ऊपर उठना होगा। प्रभु ज्ञानी और अज्ञानी में कोई भेद नहीं करते। भक्त के बस में है भगवान संत के दर्शन से अदभूत फल मिलता है। प्रेम में काफी शक्ति होती है राजा बलि के यहां भगवान वॉचमैन के काम करने लगे यह राजा बलि की भक्ति थी। संगीतमय भागवत कथा में गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, दीपक अग्रवाल, अजय हेलीवाल, संगीता चिरानिया, स्नेहा अग्रवाल, संजू डालमिया,लता मीरा डोकानिया, श्रवण खेतान,जीवन अग्रवाल, कृष्ण कंहैया सुभाष राजगढिया आदि उपस्थित थे।

## स्कूलों में पोशाक और जूता वितरण



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बसरिया तथा नव प्राथमिक विद्यालय कुशमाटाड के छात्रों के बीच नए पोशाक का वितरण किया गया। सामग्री वितरण कार्यकम के मुख्य अथिति खैराचातर के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी छात्रों को मिल रहा है। इससे सरकारी स्कूलों के छात्रों में शिक्षा को लेकर माहौल बन रहा है। बच्चे शिक्षा को लेकर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने स्कूल तथा गांव में स्वच्छता को अपनाने के लिये सभी को प्रेरित किया। कहा कि सरकार द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रकार की योजना जैसे छात्रवृत्ति, सायकल, शिक्षा सामग्री, पुस्तक, मध्याह्न भोजन, पोशाक वितरण की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का स्तर में सुधार हो सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानद्यपक सूर्यकिरण चटर्जी, संदीप कुमार राय, विमल कुमार राय, बिगन महली, बिपिन राय, माताशरण मांझी, पंकज कुमार महतो तथा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्मला देवी, रंजीत कुमार जायसवाल, कुमार गौरव आदि उपस्थित थे।

### कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचे टुंडी विधायक, रेल आंदोलनकारियों ने जोरदार स्वागत किया

# इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होना जनता की जीत: मथुरा महतो

### ट्रेन का ठहराव होना, अहिंसात्मक आंदोलन की जीत है: विजय झा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बुधवार 9 नवंबर से कतरासगढ स्टेशन पर ठहराव शुरू होने जा रहा है। इसकी सूचना के बाद से रेल आंदोलनकारियों , रेल यात्रियों एंव कतरास कोयलांचलवासियों में खुशी का माहौल है। ट्रेन ठहराव को लेकर रेल अधिकारियों से वार्ता व लगातार पत्राचार करने वाले टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो का कतरासगढ स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों ने भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व श्री महतो का कतरास थाना चौक पर स्वागत कर स्टेशन लाया गया, जहां पर भी पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कतरास स्टेशन पर पहुंचे टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि कतरास कोयलांचल की जनता की परेशानियों को देखते हुए हम कोरोना के बाद से बंद ट्रेन को चालू कराने, व ट्रेनों के ठहराव को लेकर लगातार रेल अधिकारियों से वार्ता करते रहे थे । साथ ही पत्राचार करते रहे थे । अंततः रेल विभाग ने जनता की मांग पर धनबाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कतरासगढ स्टेशन बुधवार से शुरू कर रही है। इसके लिए रेल व यहाँ की जनता बधाई के पात्र हैं। रेल आंदोलनकारी पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा सहित ने कतरासगढ स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों के साथ अभिनंदन करते हुए कहा कि टुंडी विधायक मथुरा महतो इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य मांगों के लिए आंदोलित रहे। इसके लिए कतरास कोयलांचल की जनता श्री महतो को आभार व्यक्त करती है। यह अहिंसात्मक आंदोलन का जीत है।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे बाघमारा विधायक और गिरिडीह सांसद




**कतरास (आजाद सिपाही)।** रेलवे बोर्ड के हरी झंडी मिलने के बाद धनबाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित रेलवे के अधिकारी एवं अन्य दल के नेताओं द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यकाल निर्धारित है। उक्त बातें बाघमारा विधानसभा के पांचों भाजपा मंडल अध्यक्षों ने सब्जी पट्टी कतरास स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। वक्ताओं ने कहा की बाघमारा विधायक लगातार ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर लगातार आंदोलन जारी रखा। रेल जीएम, डीआरएम ने पुष्टि की। अपने आप को जिंदा रखने के लिए कुछ नेता नेतागिरी कर रहे है। आज लोग अस्तित्व बचाने के लिए दौरा कर रहे हैं। बाघमारा मंडल अध्यक्ष बच्चू राय ने कहा की सांसद विधायक के प्रयास से आने वाला दिनों में अन्य सभी ट्रेनों का ठहराव होगा। उन्होंने कहा की विजय झा की टीम सक्रिय हो गई है। श्रेय लेने के लिए विरोधियों की टीम सक्रिय है। टुंडी विधायक की ट्रेन ठहराव में कोई भूमिका नहीं हैं, 26 जोड़ी ट्रेन का क्रम बध्य तरीके से चालू व ठहराव होगा। कुछ अड़चन है। जिसे दूर किया जा रहा है, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता विधायक के नेतृत्व में बुधवार को सुबह 6:05 कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में इंटरसिटी ट्रेन को हरी दिखायेंगे। मौके पर जिला मंत्री महेश पासवान, लोयाबाद मंडल के महामंत्री अनिल मिर्धा, सिनीडीह मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, बाघमारा मंडल अध्यक्ष बच्चू राय, महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, बबलू बनर्जी, रणींद्र विजन,राजू सरदार, कुंदन सिंह, मुकेश झा सहित अन्य मौजूद थे।

### आंदोलनकारियों ने प्लेट फार्म टिकट कटाया

आंदोलनकारियों ने प्लेट फार्म टिकट काटकर कतरासगढ स्टेशन परिसर मे प्रवेश किया। कतरासगढ स्टेशन पर पहुंचते ही पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा के अनुरोध पर सभी ने कतरासगढ स्टेशन का प्लेट फार्म टिकट काटकर स्टेशन परिसर में प्रवेश किये।

### गोली चालन और बमबाजी के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम की

# बाघमारा एसडीपीओ के आश्वासन पर माने ग्रामीण, दो घंटे बाद हटाया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर सोमवार को हुए झड़प, गोली चालान एवं बमबाजी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को खरखरी स्थित नेशनल हाईवे पर आगजनी करते हुए अवरुद्ध कर दिया, ग्रामीण पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग थी की दिए गये लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर नामजद आरोपियों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करे। नेशनल हाईवे जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने फोन पर ग्रामीणो से बातचीत कर बताया की आपलोगो के द्वारा दी गई सभी आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही तथा दोषी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम पुलिस प्रशासन करेंगी। आपलोग पुलिस का सहयोग करते हुए कृप्या शांतिपूर्ण माहौल बनाने कोशिश करें। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और दो घंटे के बाद सड़क जाम समाप्त कर वापस लौट गये।



### दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा: थाना प्रभारी

**मधुबन थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया की दोनो तरफ से पांच लिखित शिकायत मिली है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। वही विश्वसनीय सूत्रों की माने तो मधुबन पुलिस ने हिंसक झड़प मामले में तीन युवकों को जेल भेजा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है।**

### एक दिन पूर्व वर्चस्व को लेकर हुई थी झड़प

ज्ञात हो की बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखरी नारायण धौड़ा स्थित फोरलेन पर सोमवार को अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। इस दौरान गोली चालान और बमबाजी भी की गई। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। सूचना पर बाघमारा एसडीपीओ और अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह मौके पर पहुंचे जिसके बाद मामला शांत हुआ था।

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने कोयलांचल की नदियों में लगायी आस्था की डुबकी

# चंद्र ग्रहण सूतक काल से पूर्व स्नान करने की रही आपाधापी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों में आस्था की डुबकी लगाई। इसी के साथ ही पंचतीर्थ स्नान का भी समापन हो गया। स्नान के बाद भगवान सूर्य और विष्णु की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को दान दक्षिणा दिया। झरिया के मोहलबनी घाट स्तिथ दामोदर नदी, चिरकुंडा,मैथन क्षेत्र के बराकर नदी,कतरास में कतरी नदी,महुदा तेलमच्चो ब्रिज स्तिथ दामोदर नदी तट पर अहले सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक लाखों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हालांकि कार्तिक पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त समय संध्या 4:31 तक था, लेकिन लगने वाले साल के दूसरे और अंतिम चंद्र ग्रहण का सूतक काल सुबह 9:20 से शुरू होने की वजह से अधिकतर श्रद्धालुओं में इससे पूर्व ही नदी में डुबकी लगा शुभ स्नान करने की आपाधापी रही। स्नान उपरांत श्रद्धालुओ ने जरूरतमंदों के बीच सामर्थ्य के मुताबिक सूखे अनाज,कपड़ा और भोजन समेत दैनिक जरूरत के सामान का वितरण किया। वहीं विद्वानों का मानना है कि कार्तिक मास परम पावन होता है। इस महीने में किए गए पुण्य कर्मों का अनंत गुणा फल मिलने की मान्यता है। साथ ही इस दिन आध्यात्मिक और शारीरिक ऊर्जा संचय के लिए उचित माना गया है। शहर में कई लोग स्नान-दान के साथ सादगी से कार्तिक पूर्णिमा मंदिर में पूजा पाठ कर भी मनाया। साथ ही कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान भी किया गया ताकि देवी-देवताओं को प्रसन्न कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मिल सके।



### काफी संख्या में पुलिस रही मौजूद

इस दौरान सभी नदियों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। ताकि किसी प्रकार की घटना या दुर्घटना में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। इस दौरान महिलाओं के लिए कपड़े बदलने का भी डेकोरेशन के द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी।

## कतरास क्षेत्र में सेवानिवृत कर्मियों की भावभीनी विदाई



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्रीय सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त 20 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी। एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंध एके सिंह ने सभी कर्मियों को सफलतापूर्वक अपना कार्यकाल पूरा करने के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर अवर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण, क्षेत्रीय प्रबंधक वित विनोद कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन कैलाश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन सौरभ सिंह, विवेक खोडियार, प्रियंका एवं एसीसी मेंबरान में छोटू सिंह, हलधर महतो, हरेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, राघवेंद्र पांडे, ठाकुर महतो उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में हर घर से हितचिंतक बनाने का लिया निर्णय



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास रानीबजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक अनूप राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक विकास बजरंगी ने भाग लिया। बैठक में संकल्प लिया की हर घर जाकर हिंदू समाज को विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक बनाया जायेग। बैठक में मुख्य रूप से धनबाद महानगर बिहिप सह मंत्री रंजित रवानी, बजरंग दल जिला सह संयोजक तापस दे, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख मनीष सिंह, मनोज केशरी, असित गुप्ता, राजकुमार सहित आदि उपस्थि थे।

## कतरास गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ प्रकाशोत्सव धूमधाम से मना



**कतरास (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा साहिब कतरास रानीबाजार में श्री गुरुनानक देव जी महाराज का पावन प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात:सारी संगत ने प्रभातफेरी निकाली निकाली गयी। प्रकाशोत्सव पर दीवान सजाया गया एवं सहज पाठ की समाप्ति की गई। दीवान में स्त्री सत्संग जत्था और बच्चों के द्वारा गुरबाणी शब्द गायन किया गया। छोटे बच्चों द्वारा सिख इतिहास एवं कविता पाठ कर के संगत को निहाल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरभजन सिंघ, दर्शन सिंघ, इंदर सिंघ,सोनी सिंघ, हरबंस लाल गंभीर, सरदूल सिंघ, किरपाल सिंघ, बलबीर सिंघ, चरण सिंघ, इंदरजीत सिंघ, बलजीत सिंघ, गुरदीप सिंघ, अंकित सलूजा, स्त्री सतसंग जत्था की जसबीर कौर, बलबीर कौर, भजन कौर, गुरप्रीत कौर, पिंकी कौर, रुपा कौर, कलविंदर कौर, स्वेता कौर, नीलू कौर, महिंदर कौर, निधि कौर उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में सम्राट क्लब लोकबांध ने टॉस जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया



**कतरास (आजाद सिपाही)।** रघुनाथपुर छडीदारडीह में शुक्रवार को शाइनिंग स्टार क्लब छडीदारडीह के तत्वाधान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें में सम्राट क्लब लोकबाद ने एनएससी क्लब ढांगी को फाइनल मैंच में टास जीतकर पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। छडीदारडीह आम मैदान में पहले दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेलो का प्रर्दशन किया लेकिन कोई नतीजा सामने नहीं आया फिर आयोजको ने टाइ ब्रेकर कराया। जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक-एक गोल दागा यहां पर भी दोनों बराबरी पर रहे अंत में आयोजकों ने डांस के माध्यम से जीत हार तय किया। जिसमें सम्राट क्लब लोकबाद एनएससी क्लब डांगी को पराजित किया। मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया मो अलताफ, पूर्व मुखिया गोपाल सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो. इनायत हुसैन, वीरू महतो, मो. शकील, मो जमाल, मो.सरजिल, मो.रहमत, मो.मोइन, मो.समसूल, मो. सलाउद्दीन, मो. सज्जाद, मो. अफरोज आदि उपस्थित थे।

## गाय पूरे भारत वर्ष की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड है: स्वामी सीताराम शरण

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अंगवाली स्थित श्री राधे श्याम गौशाला में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यहां चित्रकूट धाम से आये राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज के द्वारा 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही यहां उपस्थित महिलाएं-पुरूष और बच्चों को हनुमान पाठ का महत्व बताया गया। इस दौरान स्वामी सीताराम शरण जी महाराज ने कहा कि गोवंश की सेवा करना हर सनातन धर्म के लोगों का परम कर्तव्य है। कहा की गौशाला को यहां सीसीएल प्रबंधन खाली करने का नोटिस दिया है जो कहीं भी अनुचित नहीं है। कहा कि सीसीएल प्रबंधन बार-बार यहां के समाजसेवी डॉ उषा सिंह को नोटिस पर नोटिस भेज कर परेशान कर रहा है। सीसीएल प्रबंधन के पास बहुत जमीन है, गोशाला जहां बना है उस जमीन को छोड़कर कही भी कुछ बनाये, किसी को कोई आपति नहीं होगी। अगर इसी स्थान में कुछ बनाना है तो गौसाला को इससे बेहतर निर्माण कराकर दे। जब हमारे देश में गौमाता ही नहीं बचेगी, तो हम भी नही बचेंगे।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय रांची में 48वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने 48वां एनटीपीसी स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने एचओडी, कर्मचारियों और अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में एनटीपीसी का झंडा फहराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने बिजली उत्पादन में एनटीपीसी की 47 साल की यात्रा पूरी करने के लिए कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री मजूमदार ने कहा कि हम भारत के सबसे बड़े ऊर्जा समूह का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करते हैं, जिसने एक विकासोन्मुख और देश की ऊर्जा आवश्यकता पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। एनटीपीसी की स्थापित क्षमता समूह बढ़कर 70,254 मेगावाट हो गया है जिसमें थर्मल योगदान 91% और नवीकरणीय योगदान 9% है। एनटीपीसी ग्रुप ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 204 बिलियन यूनिट का उत्पादन किया, जबकि एच1 (वित्तीय वर्ष की पहली छमाही।) वित्त वर्ष 22 में 177 बिलियन यूनिट की तुलना में 15% की वृद्धि हुई। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने वित्त वर्ष 2013 की पहली छमाही के दौरान 77.27% का प्लांट लोड फैक्टर हासिल किया, जबकि राष्ट्रीय औसत 64.46% था। एनटीपीसी के विकास पथ पर चलते हुए इसके कोयला खनन व्यवसाय ने भी अनुकरणीय प्रगति दिखाई है। चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन का आंकड़ा 10.58 मिलियन टन है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में हासिल किये गये 7.24 मिलियन टन के आंकड़े से 46% अधिक है। श्री मजूमदार ने उनके समर्थन के लिए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और इस उपलब्धि के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी।




श्री मजूमदार ने एनटीपीसी कोयला खनन के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए चौतरफा प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने क्रॉस-फंक्शनल प्रक्रियाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया, नवीनतम तकनीकों को अपनाना और सुरक्षित खनन प्रथाओं और पर्यावरण के अनुकूल उपायों पर अधिक जोर देना। ये बिल्डिंग ब्लॉक हमें वाणिज्यिक कोयला खनन, अन्य खनिजों में उद्यम, परामर्श परियोजनाओं आदि जैसे नये रास्ते तलाशने के लिए अधिक लचीलेपन, क्षमता और आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनायेंगे। उन्होंने एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को निरंतर और प्रीमियम गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोयला खनन टीम को धन्यवाद दिया। विशेष दिवस मनाने के अवसर पर मेधा प्रतियोगिता, सतर्कता सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# रूप नारायण सुनकर पूर्व तट रेलवे के नये महाप्रबंधक बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** 1985 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा (आइआरएसइ) के अधिकारी रूप नारायण सुनकर ने मंगलवार को पूर्व तट रेलवे में महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। नयी पदस्थापना से पूर्व सुनकर बिलासपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे में मुख्य परियोजना निदेशक (सीपीडी)/ पुल कार्य, मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)/ रतलाम, उत्तर मध्य रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे में मुख्य पुल अभियंता, बिलासपुर में मुख्य अभियंता (निर्माण) के रूप में भी काम किया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से इंजीनियरिंग स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद श्री सुनकर 1985 में भारतीय रेलवे में शामिल हुए। उन्हें परियोजनाओं के निर्माण और उसकी शुरूआत का व्यापक अनुभव है। इनके नेतृत्व में 2020-21 के दौरान, 228 किमी की रेलवे परियोजनाओं को चालू किया गया जिसमें नयी लाइन और दोहरीकरण और तीसरी लाइन शामिल है, जो भारतीय रेलवे के सभी जोनल रेलवे में सबसे अधिक प्रगति है। इसके अलावा एसेट कंस्ट्रक्शन और मेंटेनेंस जैसे ब्रिज वर्क आदि में इन्होंने प्रोएक्टिव एप्रोच अपनाकर प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन किया जिसकी तारीफ की गयी।

# भारत सरकार का कौशल विकास-उद्यमिता मंत्रालय के कौशल महोत्सव का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीइ) ने अपने रणनीतिक कार्यान्वयन और ज्ञान भागीदार राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से रविवार को ढेंकनाल जिले में एक कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें असंख्य तालीम प्राप्त और नौकरी के अवसर हैं। शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के मार्गदर्शन में यह पहल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और विभिन्न अवसरों के साथ युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक और कदम है।

कौशल भारत मिशन के तहत कौशल विकास के माध्यम से खोजा गया। इस जॉब फेयर को राज्य भर के उम्मीदवारों से भारी प्रतिक्रिया मिली। ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी ने इस जॉब फेयर के आयोजन में एनएसडीसी का समर्थन किया है और 5000 उम्मीदवारों को जुटाया है। लगभग 25 प्रतिष्ठित मान्यता जब नियोक्ता जैसे शाही एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड, एसके एंटरप्राइजेज, इसीओएम एक्सप्रेस, क्वेस कार्परेशन लिमिटेड आदि ने टीम ग्रांट थॉर्नटन के निमंत्रण के माध्यम से नौकरी मेले में भाग लिया। ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी ओडिशा राज्य में कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में एसएचजी/जेएलजी से सभी महिला एफपीसी/पीओ को एकत्रित/विकसित करके 27,000 से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए एचडीएफसी बैंक द्वारा वित्त पोषित एक कार्यक्रम लागू कर रहा है। उनका मुख्य उद्देश्य विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से लाभार्थियों की आय में वृद्धि करना है। ग्रामीण समुदाय को बदलने के लिए मजदूरी रोजगार प्रदान करने के मिशन के अनुरूप, यह रोजगार मेला उम्मीदवारों को नियोक्ताओं के साथ आमने-सामने जोड़ने का एक शानदार तरीका है। भर्ती अभियान को मंजूरी देने वाले उम्मीदवारों को मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से प्रस्ताव पत्र प्राप्त हुआ।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया झारतरभा, बड़मकल सिकिर और टिटिलागढ़ स्टेशन का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह ने 07.11.2022 को संबलपुर मंडल के बलांगीर-खुर्दा रोड लाइन में झारतरभा स्टेशन और संबलपुर-टिटिलागढ़ खंड में बडमकल, सिकिर और टिटिलागढ़ स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं और इन खंडों पर चल रही विकास गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और स्टेशन पर विभिन्न अचल संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह और अन्य।

# पद्मपुर उपचुनाव के लिए बीजेपी की रणनीति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पद्मपुर उपचुनाव के लिए बीजेपी ने धामनगर से बड़ी रणनीति बनायी है। धामनगर जैसी पार्टी ने अधिक शक्तिशाली और अधिक ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी सुनील बंसल और पार्टी के प्रभारी पुरंदेश्वरी रणनीति तैयार करने के लिए ओडिशा आ रहे हैं। प्राथमिक स्तर पर पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। सांसद सुरेश पुजारी, बसंत पंडा और विरोधी दल के नेता जय नारायण मिश्र को जिम्मेदारी दी गयी है। पश्चिम ओड़िशा के सभी विधायकों और नेताओं को चुनाव के दौरान वहीं रहने को कहा गया है। पद्मपुर उपचुनाव 5 दिसंबर को मतदान होगा। विज्ञप्ति 10 नवंबर को प्रकाशित की जायेगी और पार्थी पत्र का अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गयी है। 18 नवंबर को उम्मीदवारों के सत्यापन की जांच और 21 नवंबर को नामांकन वापस लेने की तिथि है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती की तारीख की घोषणा की है और नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जायेंगे।

# एमसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह एमसीएल मुख्यालय समेत एमसीएल के सभी क्षेत्रों में मनाया गया। एमसीएल मुख्यालय में 7 नवंबर को समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन सह पुरसकार वितरण समारोह में एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) केशव राव, मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल और एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) एवं जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता पटेल, रश्मि आदि उपस्थित थे। समारोह में विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार वितरण के उपरांत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसमें प्रिंस डांस ग्रुप, सैंड आर्टिस्ट बादल बरई द्वारा शानदार कला प्रदर्शन किया गया। श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ शैडो




थिएटर, अंगुल द्वारा ओडिशा का पारंपरिक छाया कठपुतली शो और अद्रुष्य नाट्य आश्रम, संबलपुर द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। लोकप्रिय ओडिया एंकर शेफाली उदगाता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की संचालन की।

बता दें कि 31 अक्टूबर को नागरिकों को जागरूक करने के लिए एमसीएल ने संबलपुर जिले के हर गांव-गली व मुहल्ले में सतर्कता रथ परिक्रम करने के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सीवीसी का ध्वज फहराया गया और एमसीएल के सभी कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। एक नवंबर को उत्कृष्टता दौड, अधिकारी एवं गैर अधिकारी वर्ग के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो नवंबर को विकसित भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर छात्रों, अधिकारी व गैर अधिकारी वर्ग के लिए भाषण प्रतियागिता का आयोजन किया गया। तीन नवंबर को साइक्लोथॉन तथा महिलाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार नवंबर को बीडरस मीट का आयोजन किया गया जिसमें स्टेक होल्डर, बीडर एवं आपूर्तिकर्ताओं बहु संख्या में शामिल थे। पांच नवंबर को बसंतपुर गांव में ग्राम सभा का अयोजन किया गया एवं गांव के सभी लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। एमसीएल के सभी कर्मियों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, स्लोगान एवं बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता तथा सभी के लिए लघु फिल्म का आयोजन किया गया। इसमें एमसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों, महिलाए एवं बच्चों ने भाग लिया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**